AGRAWAL EXAMCART
Paper Pakka Fasega!

# TGT

## प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक भर्ती परीक्षा

उत्तर प्रदेश, केंद्र एवं अन्य राज्यों के पाठ्यक्रम पर आधारित

BEST PRACTICE SETS
यह प्रैक्टिस सेट पिछले वर्षों के पेपर पैटर्न पर आधारित हैं और हर सेट में परीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण प्रश्नों का समावेश है।

# कला

## 15 सॉल्व्ड प्रैक्टिस सैट्स

### एवं 03 सॉल्व्ड पेपर्स
(2019, 2016, 2013)

| Code | Price | Pages |
|---|---|---|
| CB551 | ₹ 159 | 200 |

# TGT


## प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक भर्ती परीक्षा

उत्तर प्रदेश, केंद्र एवं अन्य राज्यों के पाठ्यक्रम पर आधारित

# कला

**Prepared by:**

Examcart Experts



AGRAWAL GROUP OF PUBLICATIONS

EduCart | Agrawal Publications | AGRAWAL EXAMCART

**Disclaimer:** This teaching material has been published pursuant to an undertaking given by the publisher that the content does not in any way whatsoever violate any existing copyright or intellectual property right. Extreme care is put into validating the veracity of the content in this book. However, if there is any error found, please do report to us on the below email and we will re-check; and if needed rectify the error immediately for the next print.

ADDRESS HERE | **28/115 Jyoti Block, Sanjay Place, Agra, U.P. 282002**
Head office

CONTACT HERE | **quickreply@agpgroup.in**
We reply super fast

BUY BOOK HERE | **www.examcart.in**
Cash on delivery available

**Published by:** Agrawal Group Of Publications
© All Rights reserved.


**Edition: Latest**

## ATTENTION

No part of this publication may be re-produced, sold or distributed in any form or medium (electronic, printed, pdf, photocopying, web or otherwise) on Amazon, Flipkart, Snapdeal without the explicit contractual agreement with the publisher. Anyone caught doing so will be punishable by Indian law.

इस प्रकाशन का कोई भी हिस्सा प्रकाशक के साथ स्पष्ट संविदात्मक समझौते के बिना अमेज़न, फ्लिपकार्ट, स्नैपडील पर किसी भी रूप या माध्यम (इलेक्ट्रॉनिक, मुद्रित, पीडीएफ, फोटोकॉपी, वेब या अन्यथा) में फिर से उत्पादित, बेचा या वितरित नहीं किया जा सकता है। जो कोई भी ऐसा करता पकड़ा जाएगा, वह भारतीय कानून द्वारा दंडनीय होगा।

**AGP contributes Rupee One** on every book purchased by you to the **Friends of Tribals Society** Organization for better education of tribal children.



# Why Agrawal Examcart books?

कुछ ही वर्षों में Agrawal Examcart की पुस्तकें शिक्षकों और छात्रों के बीच काफी लोकप्रिय हो गयी हैं। हमारे Subject Experts पुस्तकों की विषय सामग्री पर विशेष ध्यान देते हैं। परीक्षा के पठ्यक्रमानुसार पाठ्यपुस्तकों और गाइडबुक्स के माध्यम से हम आपको syllabus-wise सटीक और सरल भाषा में Study Material प्रदान करते रहे हैं जिससे आपको कम समय में परीक्षा की तैयारी में मदद मिले। किसी भी परीक्षा सम्बन्धी practice set को तैयार करते समय, हमारा उद्देश्य यही रहता है कि आप अपनी परीक्षा की तैयारी का स्वयं मूल्यांकन 90% से अधिक सटीकता से कर सकें। यही कारण है कि प्रत्येक Practice set पिछले परीक्षा पैटर्न के अनुसार तैयार किया जाता है और इसमें बहुत अच्छे प्रश्नों का संग्रह होता है।

**हम आपके सपनों को साकार करने में आपकी सहायता करने के लिए और भी अधिक मेहनत करने की आशा करते हैं!**

## कुछ महत्वपूर्ण जानकारी

### 1. Book Corner Page

Agarwal Examcart द्वारा प्रकाशित प्रत्येक पुस्तक में एक Book Corner का पेज होता है। यह पेज आपको उस परीक्षा से सम्बंधित Agarwal Examcart द्वारा प्रकाशित अन्य महत्वपूर्ण पुस्तकों के बारे में जानकारी प्रदान करता है। पेज पर दिए गए QR code या link का उपयोग करके, आप उन पुस्तकों के अध्याय पढ़ सकते हैं।

### 2. Agrawal Examcart Catalog

**https://bit.ly/exm8462**

Agrawal Examcart की आगामी परीक्षाओं के महत्वपूर्ण पुस्तकों की पूरी सूची देखने के लिए आप उपरोक्त लिंक का उपयोग करें। इस online पुस्तक सूची के माध्यम से आप हर पुस्तक के कुछ अध्यायों को पढ़ भी सकते हैं।

### 3. Whatsapp Helpline Service (8937099777)

Agrawal Examcart ने आपको परीक्षा की तैयारी में मदद करने के लिए एक Whatsapp Helpline Service शुरू की है। ऊपर दिए whatsapp helpline नंबर के माध्यम से आप हमारे Experts से आगामी परीक्षाओं की जानकरी, किसी भी परीक्षा का पाठ्यक्रम, परीक्षा सम्बंधित पुस्तकें एवं अध्ययन सामग्री, किसी भी प्रश्न में संदेह और किसी परीक्षा को pass करने की tips और Tricks जानने के लिए बात करें।

### 4. Book Feedback

**https://bit.ly/examcartform**

आपकी प्रतिक्रिया / सुझाव हमारी पुस्तकों को बेहतर बनाने में हमारी बहुत मदद करते हैं। इस पुस्तक से सम्बंधित अपनी प्रतिक्रिया / सुझाव साझा करने के लिए उपरोक्त link का उपयोग करें।

### 5. Book Errors

**https://bit.ly/errorsbatao**

हम अपनी किताबों में त्रुटियों को बहुत गंभीरता से लेते हैं। आपका थोड़ा सा प्रयास अन्य छात्रों को त्रुटि मुक्त किताबें पढ़ने में मदद कर सकता है। इस पुस्तक में त्रुटियों को साझा करने के लिए उपरोक्त लिंक का उपयोग करें।

### 6. Agrawal Examcart Android App

अब आप Agrawal Examcart की सभी पुस्तकों को Online पढ़ सकते हैं और हमारे App पर आगामी परीक्षाओं की Online Quiz को attempt भी कर सकते हैं। App से सम्बंधित सभी जानकारी अगले पृष्ठ पर उपलब्ध है।

AGRAWAL GROUP OF PUBLICATIONS
EduCart | Agrawal Publications | AGRAWAL EXAMCART

AGRAWAL EXAMCART

# is now ONLINE !

## खुशखबरी !!!

अब आप **Agrawal Examcart** की सभी पुस्तकों को **Online** पढ़ सकते हैं और
हमारे **App** पर आगामी परीक्षाओं की **Online Quiz** को **attempt** भी कर सकते हैं।

## हमारे App की विशेषताएं!!!

1. हमारी app को चलाना बेहद आसान है।
2. App आपको e-books पढ़ने का बेहतरीन अनुभव प्रदान करती है।
3. App पर Online Quiz देते समय आपको वास्तविक online परीक्षा जैसा अनुभव प्राप्त होगा।
4. App के प्रत्येक online course में परीक्षा का पाठ्यक्रम, course की विशेषताएँ और हमारी Whatsapp Helpline Support Team से संपर्क करने की जानकारी उपलब्ध है।
5. हर Online Course को खरीदने से पहले आप कुछ विषय सामग्री को Free में देख सकते हैं।
6. Agrawal Examcart के experts ने प्रत्येक online course की विषय सामग्री को सम्बंधित आगामी परीक्षा के पाठ्यक्रमानुसार और विगत वर्षों के पेपर पैटर्न के अनुसार तैयार किया है।

## Guarantee !

"एकमात्र app जिसमें आपको परीक्षाओं से सम्बंधित सभी contents नए पाठ्यक्रमनुसार और परीक्षा पैटर्न अनुसार up-to-date मिलेंगे।"

ANDROID APP ON
Google Play

Agrawal Examcart
is available on
**Sikhaoo app**

**Download the Android App.**

**Step 1:** Google Playstore से Sikhaoo app को डाउनलोड करें।
**Step 2:** App को open करने पर आपसे institute का नाम पूछा जायेगा। वहाँ **Examcart** लिखें।
**Step 3:** हमारे Course को use करने के लिए **Sign in** करें।

हमारे **app** के **features** एवं उसकी कार्य प्रणाली को समझने के लिए **15 seconds का Tutorial** देखें।
**http://bit.ly/sikhaoo**

## Laptop, Dekstop या iphone Users के लिए

**Step 1:** Mobile या Laptop Browser पर www.examcart.enggheads.com टाइप करें।
**Step 2:** हमारे Course को use करने के लिए **Sign in** करें।

# Book Corner

यह पेज आपको TGT परीक्षा से संबंधित Agarwal Examcart द्वारा प्रकाशित अन्य महत्वपूर्ण पुस्तकों के बारे में जानकारी प्रदान करता है। पेज पर दिए गए QR code या link  का उपयोग करके, आप नीचे दी गयी पुस्तकों की सूची की हर पुस्तक के कुछ अध्यायों को पढ़ सकते हैं।

Scan QR code

or Type the link

bit.ly/agp1122

**TGT परीक्षा से सम्बंधित महत्वपूर्ण पुस्तकें**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **TGT Samajik Vigyan (Bhugol, Itihas, Arthshastra evum Nagrik Shastra)** | 15 Solved practice sets and 3 solved papers | **TGT Kala** | 15 Solved practice sets and 3 solved papers |
| **TGT Grah Vigyan** | | **TGT English** | |
| **TGT Vigyan (Bhautik evum rasayan Vigyan)** | | **TGT Hindi** | |
| **TGT Jeev Vigyan** | | **TGT Vanijya** | |
| **TGT Ganit** | | **TGT Sanskrit** | |

AGRAWAL EXAMCART

Whatsapp Helpline number

**8937099777**

Agrawal Examcart ने आपको परीक्षा की तैयारी में मदद करने के लिए एक Whatsapp Helpline Service शुरू की है। ऊपर दिए whatsapp helpline नंबर के माध्यम से आप हमारे Experts से आगामी परीक्षाओं की जानकारी, किसी भी परीक्षा का पाठ्यक्रम, परीक्षा सम्बंधित पुस्तकें एवं अध्ययन सामग्री, किसी भी प्रश्न में संदेह और किसी परीक्षा को pass करने की tips और Tricks जानने के लिए बात करें।

# प्रशिक्षित स्नातक चयन परीक्षा पाठ्यक्रम

## कला

- भारत के प्रागैतिहासिक कलाकेन्द्र; जैसे–मिर्जापुर, भीमबैठका, रायगढ़, बाँदा, पचमढ़ी, होशंगाबाद इत्यादि। सिन्धु घाटी, सभ्यता की कला (हड़प्पा और मोहनजोदड़ो) भारतीय चित्रकला के छः अंक जोगीमारा, अजन्ता, बाघ, बादामी, एलोरा, सित्तनवासल इत्यादि के भित्तिचित्र, भारतीय लघु चित्रकला (जैन, पाल, अपभ्रंश), राजस्थानी, शैली (बूँदी, कोटा, किशनगढ़, जयपुर इत्यादि), मुगल शैली (अकबर, जहाँगीर, शाहजहाँ, औरंगजेब) पहाड़ी शैली (कांगड़ा, बसौली, इत्यादि), बंगालशैली और उसके कलाकार; जैसे–अवनीन्द्र नाथ ठाकुर, नन्दलाल बोस, असित कुमार हल्दार, डी॰पी॰ राय चौधरी, क्षितीन्द्र नाथ मजूमदार इत्यादि, समसामयिक चित्रकला और उसके मुख्य कलाकार, जैसे–राजा रवि वर्मा, रवीन्द्र नाथ ठाकुर, गगनेन्द्र नाथ ठाकुर, यामिनी राय, अमृता शेरगिल, एन॰एस॰बेन्द्रे, के॰ के॰ हेब्बर, के॰ एस॰ कुलकर्णी, एम॰एफ॰ हुसैन, के॰एच॰ आरा इत्यादि। कला के तत्व; जैसे– रेखा, आकार, वर्ण, तान, पोत अन्तराल, चित्र संयोजन के सिद्धान्त जैसे–सहयोग, सामंजस्य संतुलन, प्रभावित लय अनुपात, परिप्रेक्ष्य और उसका चित्रकला में महत्व।

# विषय-सूची

**अध्याय** **पृष्ठ संख्या**

## सॉल्व्ड पेपर्स 1-38


- प्रशिक्षित स्नातक चयन परीक्षा, 2016 कला हल प्रश्न-पत्र (परीक्षा तिथि : 09-03-2019) 1-15
- प्रशिक्षित स्नातक चयन परीक्षा, 2013 कला हल प्रश्न-पत्र (परीक्षा तिथि : 08-09-2013) 16-26
- प्रशिक्षित स्नातक चयन परीक्षा, 2011 कला हल प्रश्न-पत्र (परीक्षा तिथि : 15-06-2016) 27-38


## प्रैक्टिस सेट्स 39-196


- प्रैक्टिस सेट-1 39-49
- प्रैक्टिस सेट-2 50-60
- प्रैक्टिस सेट-3 61-71
- प्रैक्टिस सेट-4 72-81
- प्रैक्टिस सेट-5 82-91
- प्रैक्टिस सेट-6 92-101
- प्रैक्टिस सेट-7 102-111
- प्रैक्टिस सेट-8 112-121
- प्रैक्टिस सेट-9 122-131
- प्रैक्टिस सेट-10 132-141
- प्रैक्टिस सेट-11 142-151
- प्रैक्टिस सेट-12 152-162
- प्रैक्टिस सेट-13 163-171
- प्रैक्टिस सेट-14 172-181
- प्रैक्टिस सेट-15 182-196

# प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक चयन परीक्षा-2013
# कला
## (हल प्रश्न-पत्र)

**परीक्षा तिथि : 08-09-2013**

**1.** ब्लैक पैगोडा कहा जाता है–
(A) एलिफेंटा (B) अजन्ता
(C) खजुराहो (D) कोणार्क मन्दिर

**1.** (D) कोणार्क भारत के ओडिशा राज्य के पुरी जिले में स्थित एक नगर है। यह उड़ीसा के कुशल शिल्पियों की रचना है। सूर्य का मन्दिर होने के कारण इसे कोणार्क कहते हैं। निरन्तर धूप तथा वर्षा के कारण यह कृष्णकाय हो गया है, अतएव 'काला पैगोडा' के नाम से भी इसकी प्रसिद्धि है।

**2.** कामसूत्र के रचयिता कौन थे?
(A) कपिल मुनि (B) राहुल सांकृत्यायन
(C) वात्स्यायन (D) यशोधर पंडित

**2.** (C) 'कामसूत्र' की रचना वात्स्यायन ने की थी। इस ग्रंथ की मूलभाषा संस्कृत है। इसका रचनाकाल अनुमानतः 600 ई. पू. बताया जाता है। 'कामसूत्र' एक प्रकार से समस्त कलाओं का एक विश्वकोषात्मक ग्रन्थ है। अब तक उपलब्ध सामग्री के आधार पर कलाओं का वर्णन सर्वप्रथम कामसूत्र में ही क्रमबद्ध रूप में मिलता है। वात्स्यायन के कामसूत्र सात अधिकरणों में विभाजित हैं–
1. सामान्य
2. सांप्रयोगिक
3. कन्यासंप्रयुक्त
4. भार्याधिकारिक
5. पारदारिक
6. वैशिक और
7. औपनिषदिक

**3.** नेशनल गेलरी ऑफ मॉडर्न आर्ट स्थित है–
(A) पणजी (B) नई दिल्ली
(C) जोधपुर (D) जयपुर

**3.** (B) राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय की स्थापना भारत सरकार द्वारा 29 मार्च 1954 में की गई। नई दिल्ली के जयपुर हाउस में 29 मार्च, 1954 को राष्ट्रीय आधुनिक कला दीर्घा का उद्‌घाटन कर भारतीय कला के प्रसिद्ध विद्वान डॉ. हरमन गोएत्स को इसका अध्यक्ष बनाया गया। गोएत्स ने इस भवन में आरम्भिक नियोजन तथा कला वीथि की स्थापना की।

**4.** 'ज्ञानपीठ' पुरस्कार सम्बन्धित है–
(A) कला (B) साहित्य
(C) नाटक (D) संगीत

**4.** (B) ज्ञानपीठ पुरस्कार भारतीय ज्ञानपीठ न्यास द्वारा भारतीय साहित्य के लिये दिया जाने वाला सर्वोच्च पुरस्कार है।
भारत का कोई भी नागरिक जो आठवीं अनुसूची में बताई गई 22 भाषाओं में से किसी भाषा में लिखता हो, इस पुरस्कार के योग्य है। पुरस्कार में पांच लाख रुपये की धनराशि, प्रशस्तिपत्र और वाग्देवी की कांस्य प्रतिमा दी जाती है। 1965 में 1 लाख रुपये की पुरस्कार राशि से प्रारंभ हुए इस पुरस्कार को 2005 में 7 लाख रुपए कर दिया गया। 2005 के लिए चुने गए हिन्दी साहित्यकार कुंवर नारायण पहले व्यक्ति थे, जिन्हें 7 लाख रुपए का ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त हुआ। वर्ष 2012 से ज्ञानपीठ पुरस्कार के रूप में दी जाने वाली राशि को 7 लाख रुपये से बढ़ाकर 11 लाख रुपये कर दिया गया है। प्रथम ज्ञानपीठ पुरस्कार 1965 में मलयालम लेखक जी शंकर कुरुप को प्रदान किया गया था। उस समय पुरस्कार की धनराशि 1 लाख रुपए थी। 1982 तक यह पुरस्कार लेखक की एकल कृति के लिये दिया जाता था। लेकिन इसके बाद से यह लेखक के भारतीय साहित्य में संपूर्ण योगदान के लिये दिया जाने लगा।

**5.** निम्नलिखित में से किसके द्वारा कांस्य मूर्तियाँ भी निर्मित की गयीं ?
(A) राम कुमार (B) गगनेन्द्र नाथ टैगोर
(C) शांति देव (D) सोमनाथ

**5.** (D) सोमनाथ ने खेल–खेल में एक बड़े रहस्य को समझ लिया था। पर उन्होंने कांस्य मूर्तिशिल्प को ढालने के लिए कोई सांचा नहीं बनाया। इस कांस्यमूर्तिशिल्प शृंखला की हर कलाकृति केवल एक ही बन सकती थी। उसके और रूप नहीं ढाले जा सकते थे।

**6.** एच. टी. एम. एल. इंगित करता है–
(A) हाइपर टेक्स्ट मार्क–अप लैंग्वेज
(B) हाइपर टेक्स्ट मैनिपुलेशन लैंग्वेज
(C) हाइपर टेक्स्ट मैनेजिंग लिंक्स
(D) हाइपर टेक्स्ट मैन्यूपुलेटिंग लिंक्स

**6.** (A) Hyper text mark-up language एक website designing का पार्ट है जिसका full form हाइपर टेक्स्ट मार्क–अप लैंग्वेज है। वर्तमान समय में इसका प्रयोग webpage और वेबसाइट को design करने हेतु किया जाता है। HTML लैंग्वेज का प्रयोग world wide web आकर्षित और अच्छे तरीके से प्रस्तुत करने का काम करता हैं।
- HTML में बहुत सारे version और अपडेट फीचर्स जुड़ चुके हैं। इसके हर एक version में अलग–अलग फीचर्स हैं जो कि इस प्रकार हैं।
- HTML 1.0 ये सबसे पहला version है। HTML 1.0 का उपयोग पहले सिर्फ और सिर्फ webpage ही create कर सकते थे क्योंकि उसमें पहले कुछ ज्यादा फीचर्स नहीं थे।
- HTML 2.0 इस version का आया तब तक HTML 1.0 के सारे फीचर्स अच्छे से अपडेट हो चुके थे और लोग इसे जानने लग गये।
- HTML 3.0 इस version के मार्केट में आने से HTML लोगों के बीच काफी ज्यादा पॉपुलर हो चुका था तो HTML 3.0 में कुछ प्रॉब्लम आई इस वजह से इसे बीच में ही रोक दिया गया और कुछ समय बाद में इसे लॉन्च कर दिया गया।
- HTML 3.2 version के आने से पहले HTML लैंग्वेज काफी पॉपुलर हो चुका था और HTML 3.0 को सीमित रहना पड़ा।
- HTML 4.01 version के आने से इसमें CSS को भी अपडेट कर दिया गया जिससे HTML पूरी तरह से एक updated लैंग्वेज बन चुकी थी।
- HTML 5.0 version इसमें multimedia के फीचर्स जैसे audio, video, images, update हो गये ये उस जमाने की बहुत पावरफुल लैंगुएज थी।

7. ऑफसेट कलर प्रिन्टिंग के चार कलर होते हैं–
(A) लाल, हरा, नीला, काला
(B) स्यान, मैजेन्टा, येलो, ब्लैक
(C) हरा, लाल, पीला नीला
(D) नीला, लाल, पीला, काला

7. (B) चार रंगों में मुद्रण को प्रोसेस कलर (Process Colour) मुद्रण भी कहा जाता है। मुद्रण की इस प्रक्रिया में वास्तविकता की पूर्ण रंग श्रेणी को पुनर्उत्पादित करने के लिए स्यान, मैजेन्टा, येलो, ब्लैक (CMYK) को घटते–बढ़ते (परिवर्ती) सम्मिश्रणों में प्रयुक्त किया जाता है।

8. राजा रवि वर्मा की मृत्यु किस वर्ष हुई ?
(A) 1906 (B) 1918
(C) 1941 (D) 1921

8. (A) राजा रवि वर्मा भारत के विख्यात चित्रकार थे। राजा रवि वर्मा का निधन 2 अक्टूबर, 1906 को किलीमन्नूर में हुआ और इस प्रकार क्रूर काल ने एक ऐसे कलाकार के यशस्वी जीवन का अंत कर दिया जिसने मरणोपरांत नहीं बल्कि अपने जीवन काल में ही दुर्लभ ख्याति तथा प्रतिष्ठा अर्जित कर ली थी।

9. भारतीय विषयों को पाश्चात्य शैली में किसने चित्रित किया है?
(A) सुधीर खस्तगीर
(B) जामिनी राय
(C) अमृता शेरगिल
(D) क्षितीन्द्र नाथ मजूमदार

9. (C) अमृता शेरगिल भारत के प्रसिद्ध चित्रकारों में से एक हैं। उनका जन्म बुडापस्ट में हुआ था। अमृता शेरगिल ने परम्परागत भारतीय चित्रकला, भित्तिचित्रण एवं पाश्चात्य कला प्राविधियों एवं प्रवृत्तियों के मेल से मौलिक शैली की नींव रखी जिसमें विषय भारतीय, और शैली विदेशी इनका आधार बनी।

10. 'वाल डिजनी' जनक है–
(A) स्टिल फोटोग्राफी के
(B) ऐनीमेशन प्रक्रिया के
(C) वीडियो फिल्मिंग के
(D) ब्लाक मेकिंग के

10. (B) 16 अक्टूबर, 1923 को वॉल्ट डिजनी और रॉय डिजनी भाइयों द्वारा डिजनी ब्रदर्स कार्टून स्टूडियो के नाम से स्थापित किया गया।जिसे 1923 में वाल्ट डिजनी प्रोडक्शंस के नाम से पुनर्गठित किया गया। वॉल्ट डिजनी प्रोडक्शंस ने अपने आपको अमेरिकी ऐनीमेशन उद्योग में एक अगुवा के रूप स्थापित किया।

11. विख्यात "महेश मूर्ति" रॉक–कट मूर्ति कहाँ है?
(A) सारनाथ (B) एलिफेन्टा
(C) अमरावती (D) सिगीरिया

11. (B) एलिफेन्टा की गुफाएँ मुम्बई महानगर के पास स्थित पर्यटकों का बड़ा आकर्षण केन्द्र है। एलिफेन्टा के गुफा मन्दिर में महेश्वर की प्रकांड त्रिमूर्ति तथा शिव के ताण्डव नृत्य आदि की उल्लेखनीय मूर्तियाँ हैं। पत्थर पर खुदी विशालकाय त्रिमूर्ति कलात्मक एवं सजीव हैं।

12. भारतीय ग्रन्थ "वृहत् संहिता" का रचयिता कौन है?
(A) बाण भट्ट (B) कल्हण
(C) कालिदास (D) बराहमिहिर

12. (D) बराहमिहिर ज्योतिष सम्बन्धी चार ग्रन्थ– 'वृहत् संहिता', 'वृहज्जातक', 'पंच–सिद्धान्तिका' और 'लघुजातक' ग्रन्थों की रचना की वृहत् संहिता आपका सर्वाधिक महत्वपूर्ण ग्रन्थ है। बराहमिहिर चन्द्रगुप्त द्वितीय के नवरत्नों में से एक थे।
वराहमिहिर का प्रथम पूर्ण ग्रंथ 'सूर्य सिद्धांत' था जो इस समय उपलब्ध नहीं है। बराहमिहिर ने 'पंचसिद्धांतिक' ग्रंथ में प्रचलित पांच सिद्धांतों–पुलिश, रोचक, वशिष्ठ, सौर (सूर्य) और पितामह का हेतु रूप से वर्णन किया है। उन्होंने चार प्रकार के माह गिनाये हैं–
1. सौर,
2. चन्द्र,
3. वर्षीय और
4. पाक्षिक।
भविष्य विज्ञान इस ग्रंथ का दूसरा भाग है। इस ग्रंथ में लाटाचार्य, सिंहाचार्य, आर्यभट, प्रद्युन्न, विजयनन्दी के विचार उद्धृत किये गये हैं। खेद की बात है कि आर्यभट्ट के अतिरिक्त इनमें से किसी के ग्रंथ उपलब्ध नहीं हैं।

13. "द डिसेंट ऑफ गेंजेस (गंगा अवतरण)" नामक पत्थर पर कटी रिलीफ मूर्ति कहाँ है ?
(A) महाबलीपुरम्
(B) अजन्ता
(C) बनारस के समीप गंगा तट पर सारनाथ
(D) गंगोत्री

13. (A) इस दृश्य में पशु इत्यादि भी भागीरथ के साथ तपस्या में लगे हुए हैं। यहाँ दृश्य अत्यन्त प्रभावोत्पादक बना है। मामल्लपुरम् (महाबलीपुरम्) की सबसे आश्चर्यजनक मूर्ति वह है जिसमें गंगावतरण से सम्बन्धित भागीरथ की तपस्या का दृश्य अंकित किया गया है।

14. रैम किसका संक्षिप्त रूप है ?
(A) रैपिड एक्सेस मेमोरी
(B) रैन्डम एक्सेस मेमोरी
(C) रोलिंग एक्सेस मेमोरी
(D) रैपिड एक्यूरेट मेमोरी

14. (B) सी. पी. यू. में लगे सिस्टम बोर्ड पर माइक्रोप्रोसेसर कम्प्यूटर का दिमाग होता है तथा रैम (रैन्डम एक्सेस मेमोरी) तथा रोम (रीड ओनली मेमोरी) इसके सहायक का कार्य करते हैं।
जब भी हम किसी एप्लीकेशन या सॉफ्टवेयर को रन करते हैं, तो Ram उस पर्टिकुलर सॉफ्टवेयर के डाटा को execute करता है, और केवल उसी सॉफ्टवेयर के डाटा को अपने अंदर स्टोर कर रन करने में मदद करता है।

15. अपने चित्रों में बिन्दी का प्रयोग कौन कलाकार करता है ?
(A) सुबोध गुप्ता (B) अन्जू डोडिया
(C) भारती खेर (D) रियाज कोमू

15. (C) भारती खेर अपने चित्रों में बिन्दी का प्रयोग करती है। भारती की कला के अनेक स्रोत हैं। कभी वह भारतीय मध्यवर्गीय घरेलू जीवन में 'किच' को अपनी प्रेरणा का स्रोत बनाती हैं तो कभी–कभी घर बाजार में हर जगह नजर आने वाली बिन्दी को वह एक दिलचस्प कला अनुभव में बदल देती हैं। बिन्दी की वह जगह और अर्थ दोनों ही बदल देती हैं।

16. प्रिहिस्टोरिक इण्डिया नामक पुस्तक किसकी है ?
(A) डब्ल्यू एर्डर्सन (B) प्रो. जूनेर
(C) स्टूअर्ट पिगॉट (D) डी. एस. गार्डन

16. (C) स्टूअर्ट पिगॉट की 'प्रीहिस्टोरिक इण्डिया' में प्रागैतिहासिक चित्रों का प्रसंग बहुत संक्षिप्त और काम चलाऊ ढंग का है।

17. भारतीय आधुनिक चित्रकला का इतिहास आरम्भ होता है–
(A) बंगाल स्कूल से (B) कोलकाता स्कूल से
(C) मद्रास स्कूल से (D) लखनऊ स्कूल से

17. (A) भारतीय आधुनिक चित्रकला के लिए बंगाल स्कूल का बड़ा महत्व है। बंगाल स्कूल आधुनिक चित्रकला की वह आधार भूमि है जिसको बंगाल स्कूल कहते हैं। वह वस्तुतः परम्परागत भारतीय चित्रकला का पुनर्जागरण था, एक नवीनीकरण था– वाचस्पति गैरोला।

18. विज्ञापन में शब्द "कैम्पेन" आया है–
(A) खेल (B) संगीत
(C) नृत्य (D) मिलेटरी

18. (D) विज्ञापन में शब्द ''कैम्पेन'' मिलेटरी से आया है।

19. मूवेबल टाइप का आविष्कार कब हुआ था ?
(A) 1450 AD में (B) 1480 AD में
(C) 1550 AD में (D) 1560 AD में

19. (A) मूवेबल टाइप का आविष्कार 1450 AD में जॉन्स गुटेनबर्ग द्वारा प्रिटिंना प्रेस हेतु किया गया था।

20. लखनऊ के रवीन्द्रालय पर बना म्यूरल किस कलाकार का है?
(A) गुलाम मोहम्मद शेख
(B) मदन लाल नागर
(C) के. जी. सुब्रह्मण्यम
(D) रबिन्द्रनाथ टैगोर

20. (C) लखनऊ स्थित रवीन्द्रालय के बाहरी हिस्से के लिए अपना बड़ा और प्रसिद्ध म्यूरल, किंग ऑफ डार्क चैम्बर्स' 1962-63 में के. जी. सुब्रह्मण्यम का बनाया। इस 81 फुट लम्बे और 9 फुट ऊँचे टेराकोटा म्यूरल की 13,000 टाइलों को बनाने के काम में उनके विशेष सहयोगी राजस्थान के क्राफ्ट्समैन ग्यारसीलाल वर्मा थे।

21. "ट्रंफ ऑफ लेबर" मूर्ति किसने बनाई है ?
(A) डी. पी. राय चौधरी
(B) पी. वी. जानकीराम
(C) पी. राजीवनयन
(D) बलवीर सिंह कट्ट

21. (A) डी.पी. राय चौधरी ने महापुरुषों की अनेक प्लास्टर तथा कांस्य की प्रतिमाओं का निर्माण किया है। 'श्रम की विजय' उनकी एक प्रसिद्ध कांस्य–कृति है। एक सफल चित्रकार के अतिरिक्त श्री राय चौधरी विख्यात मूर्तिकार भी थे।

22. मंतीस का 'डान्स' चित्र किस संग्रहालय में है ?
(A) लूव्र (पेरिस)
(B) म्यूजियम ऑफ मार्डन आर्ट (न्यूयॉर्क)
(C) नेशनल गैलरी लन्दन
(D) मेट्रोपोलिटन म्यूजियम (न्यूयॉर्क)

22. (B) मंतीस का 'डान्स' चित्र म्यूजियम ऑफ मॉडर्न आर्ट (न्यूयॉर्क) संग्रहालय में है।

23. न्यूज पेपर 'बंगाल गजट' के संस्थापक का नाम–
(A) डोविड ओगील्वी
(B) जेम्स ऑगस्टस
(C) वोल्नी बी. पालमर
(D) ए. डब्लू. अय्यर

23. (B) जेम्स ऑगस्टस अपनी निष्पक्ष लेखनी के लिए जाने जाते हैं। वे ईस्ट इण्डिया कम्पनी के मुलाजिम के रूप में भारत आये थे और कोलकाता से उन्होंने अंग्रेजी में बंगाल गजट समाचार पत्र प्रकाशित किया था। जेम्स ऑगस्टस हिक्की भारत में आधुनिक पत्रकारिता की नींव डालने वाले पत्रकार थे।

24. विज्ञापन के पितामह किसे कहते हैं ?
(A) प्रहलाद कक्कड़ (B) डेविड ओगिल्वी
(C) प्रासून जोशी (D) एलेक्जेण्डर रमेल

24. (B) विज्ञापन का पितामह डेविड ओगिल्वी को कहा जाता है।

25. 'मेघदूत' किसकी रचना है ?
(A) कालीदास (B) बाणभट्ट
(C) वाल्मीकि (D) कपिलमुनि

25. (A) मेघदूत की रचना कालीदास ने के थी। प्रकृति को संदेशवाहक बनाकर विरह वर्णन की परम्परा साहित्य में प्राचीन काल से उपलब्ध होती है। इस परम्परा में कालिदास कृत 'मेघदूत' उत्कृष्ट रचना है।
यह रचना ही उन्हें 'कविकुल गुरु' उपाधि से मण्डित करने में समर्थ है। भाषा, भावप्रवणता, रस, छन्द और चरित्र–चित्रण समस्त दृष्टियों से मेघदूत अनुपम खण्डकाव्य है। सहृदय रसिकों ने मुक्त कण्ठ से इसकी सराहना की है। समीक्षकों ने इसे न केवल संस्कृत जगत में अपितु विश्व साहित्य में श्रेष्ठ काव्य के रूप में अंकित किया है। मेघदूत में कथानक का अभाव सा है। वस्तुतः यह प्रणयकार हृदय की अभिव्यक्ति है।
मेघदूत के दो भाग हैं –
1. पूर्वमेघ एवं
2. उत्तरमेघ।

26. भारतीय चित्रकला के अंगों का सही क्रम पहचानिये–
(A) रूपभेद, प्रमाण, भाव, लावण्ययोजना
(B) प्रमाण, भाव, लावण्ययोजना, रूपभेद
(C) भाव, लावण्ययोजना, प्रमाण, रूपभेद
(D) लावण्ययोजना, प्रमाण, भाव, रूपभेद

26. (A) यशोधर पंडित ने कामसूत्र की टीका 'जयमंगला' में 'आलेख्य' की टीका करते हुए निम्न श्लोक उद्धृत किया–
**रूपभेदाः प्रमाणिनि भावलावण्ययोजनम्।**
**सादृश्यं विर्णकाभंग इति चित्र षडंगकम।।**
अर्थात् रूपभेद, प्रमाण, भाव, लावण्ययोजना, सादृश्य और वर्णिकाभंग ये चित्रकला के छः अंग हैं।

27. भरहुत स्तूपों का काल है–
(A) शुंग काल (B) गुप्त काल
(C) चालुक्य काल (D) चंदेल काल

27. (A) उत्तर भारत के विभिन्न स्थानों पर अनेक स्तूपों का निर्माण शुंग काल में हुआ जिनमें भरहुत और साँची के स्तूप विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। शुंगकाल स्तूप निर्माण की दृष्टि से विशेष उल्लेखनीय है। शुंग काल (184-72 ई. पू.) प्रायः 112 वर्षों का काल माना जाता है।
यह 68 फुट व्यास का बना था। इसके चारों ओर सात फुट ऊँची परिवेष्टनी (चहार दीवारी) का निर्माण किया गया था, जिसमें चार तोरण–द्वार थे।
परिवेष्टनी तथा तोरण–द्वारों पर यक्ष–यक्षिणी तथा अन्यान्य अर्द्ध देवी–देवताओं की मूर्तियाँ तथा जातक कथाएँ तक्षित हैं। जातक कथाएँ इतने विस्तार से अंकित हैं कि उनके वर्ण्य–विषय को समझने में कोई कठिनाई नहीं होती।
भरहुत और साँची के तोरणों की मूर्तिकारी तथा कला में बहुत साम्यता है। इसका कारण इनका निर्माण काल और विषयों का एक होना है।

28. नन्दलाल बोस किसके शिष्य थे?
(A) रबीन्द्रनाथ टैगोर
(B) अवनीन्द्र नाथ टैगोर
(C) गगनेन्द्र नाथ टैगोर
(D) बिनोद बिहारी मुखर्जी

28. (B) अवनीन्द्रनाथ टैगोर कलाकार और विचारक दोनों थे। उनके व्यक्तित्व में कलाकार और तपस्वी का अद्भुत सम्मिश्रण था। श्री अवनीन्द्रनाथ टैगोर की शिष्य मण्डली के प्रमुख साधक नन्दलाल बसु थे।

29. निम्नलिखित में से कौन लिथोग्राफिक पोस्टरों के लिए विख्यात है?
(A) एडवर्ड माने
(B) जुल्स चर्ट
(C) एडगर देगा
(D) पियरे अगुस्त रेनॉआ

29. (B) फ्रेन्च डिजाइनर 'जुल्स चर्ट' को आधुनिक पोस्टरों का जनक कहा जाता है। इन्होंने पोस्टर डिजाइनर की एक नयी शैली का विकास किया। इसलिए जुल्स चर्ट को महिलाओं की मुक्ति का पिता भी कहा जाता है।

**30.** जूट माध्यम से मूर्तिकला का प्रयोग कौन करता है?

(A) मृणालिनी मुखर्जी (B) मीरा मुखर्जी
(C) गोगी सरोजपाल (D) अंजली इला मेनन

**30.** (A) मृणालिनी ने जूट माध्यम तकनीक को विकसित कर सृजनात्मक उपयोग किया। मृणालिनी जूट की रस्सी, सुतली व डोरी से शिल्प बनाती हैं। यह माध्यम व तकनीक परम्परागत गृह उद्योग में महिलाएँ प्रयुक्त करती हैं।

**31.** एल. सी. डी. मॉनीटर में एल. सी. डी. का अर्थ है–

(A) लिक्विड क्रिस्टल डिस्पले
(B) लो कॉस्ट डिजिट
(C) लिक्विड कैडमियम डिस्पले
(D) लो कंजाम्पश डिस्पले

**31.** (A) एल. सी. डी. मॉनीटर में एल.सी.डी. का अर्थ लिक्विड क्रिस्टल डिस्पले है।

**32.** किस अति यथार्थवादी चित्रकार ने 'द वॉल ऑफ द मून' भित्ति चित्र पेरिस में यूनेस्को इमारत पर बनाया है ?

(A) जोन मीरो (B) सलवाडोर डाली
(C) रेने माग्रिट (D) पॉल देलवा

**32.** (A) वॉल्स ऑफ सन एण्ड द वॉल ऑफ द मून भित्ति चित्र पेरिस में स्थित यूनेस्को इमारत में मौजूद हैं। इनका निर्माण 1955 से 1958 के बीच हुआ था। वॉल्स ऑफ द सन एण्ड द मून स्पेनी कैटलिन चित्रकार और मूर्तिकार जोन मीरो द्वारा बनाए गए दो भित्ति चित्र हैं।

**33.** बाघ गुफायें किस जनपद में हैं ?

(A) दामोह जनपद (B) रेवा जनपद
(C) रतलाम जनपद (D) धार जनपद

**33.** (D) मध्य प्रदेश के धार जिला में इन्दौर से उत्तर–पश्चिम में लगभग 140 किमी. की दूरी पर, बाघिनी (बाघ) नदी के तट पर और विन्ध्य पर्वत के दक्षिणी ढलान पर ये गुहा मन्दिर स्थित है। बाघ की गुफायें विन्ध्य पहाड़ियों को काटकर बनाई गयी हैं। धार से 80 किमी. दूर बाघ–कुक्षी मार्ग से थोड़ा हटकर बाघ की ये गर्भशालाएँ उत्कीर्ण हैं।

बाघ में कुल नौ गुफाएँ हैं जो अजंता के समकालीन हैं।

बाघ की गुफाओं में बौद्ध धर्म के अलावा सामान्य जीवन के चित्र भी बहुतायत में मिलते हैं। यानी ये अजंता की तुलना में अधिक सांसारिक और मानवीय हैं।

बाघ की चित्रकलाएँ अजंता की गुफा संख्या एक और दो की चित्रकलाओं के सादृश्य हैं। यानी अलंकृत एवं आभूषण युक्त चित्र।

शैलीगत दृष्टि से अजंता और बाघ दोनों समान हैं, किंतु बाघ का खाका भी प्रभावशाली है।

**34.** कोणार्क किस देवता का मन्दिर है ?

(A) ब्रह्मा (B) सूर्य
(C) विष्णु (D) शिव (नटराज)

**34.** (B) कोणार्क मन्दिर 1245-56 ई. में महाराज नरसिंह देव (प्रथम) ने बनवाया था। यह सूर्य भगवान के रथ के आकार का मन्दिर है। कोणार्क में सूर्य भगवान का मन्दिर है। देखने में यह मन्दिर टूटा हुआ है। मूल मन्दिर टूट गया है।

**35.** चट्टान काटकर बनाया गया द्रोपदी रथ कहाँ है?

(A) एलोरा (B) पुरी
(C) हम्पी (D) महाबलीपुरम्

**35.** (D) महाबलीपुरम् में चट्टान काटकर बनाया गया द्रोपदी रथ है। नरसिंह वर्मा मामल्ल द्वारा निर्मित रथों के साथ मामल्ल शैली का विकसित रूप सामने आता है। शैलकृत इन मन्दिरों की बाह्य रूप रेखा एकाश्मक मन्दिर के सदृश्य है। इसलिए इसको 'रथ' कहा जाता है। पल्लव काल के प्रसिद्ध पत्तन (बन्दरगाह) मामल्लपुरम (महाबलीपुरम्) में 'रथ' बने हुए हैं जो तमिलनाडु के चिंगलपेट जिले में स्थित हैं। एकाश्मक रथों की संख्या आठ है–1. द्रौपदी रथ, 2. धर्मराज रथ, 3. भीमरथ, 4. अर्जुन रथ, 5. नकुल सहदेव रथ, 6. गणेश रथ, 7. वलैयन कुट्टई रथ, 8. पिडारी रथ।

**36.** कश्मीर का शालीमार बाग बनवाया था–

(A) बाबर (B) हुमायूँ
(C) जहाँगीर (D) शाहजहाँ

**36.** (C) शालीमार बाग जम्मू और कश्मीर के श्रीनगर से 15 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। यह बाग शहर के सभी मुगल बागों में सबसे लोकप्रिय है। 'शालीमार' शब्द का अर्थ होता है– 'प्रेम का वास'। इस गार्डन को शालीमार बाग, फैज बख़्श, गार्डन ऑफ चार मीनार और फराह बख़्श के नाम से भी जाना जाता है। मखमली हरी–भरी क्यारियों, गलियारों, सुन्दर दृश्यों के लिये प्रसिद्ध यह एक अत्यन्त रमणीक स्थान है।

इस बाग को मुगल बादशाह जहाँगीर ने अपनी बेगम नूरजहाँ के लिए 1619 ई. में बनवाया था।

बाग को विभिन्न प्रायोजनों के लिए तीन सीढ़ीदार वर्गों में विभाजित किया गया है। बाहरी बगीचा 'दीवान–ए–आम', बाग का बीच वाला हिस्सा 'दीवान–ए–खास' या 'सम्राट का बाग' और सबसे ऊपर वाले बाग के हिस्से को शाही महिलाओं के लिए आरक्षित किया गया था। बाग के इस हिस्से का प्रयोग केवल शाही ख़ानदान की औरतें ही कर सकती थीं, किसी अन्य का प्रवेश वहाँ वर्जित था।

शालीमार बाग में पहले केवल डल झील के जल–मार्ग से ही आया जा सकता था, किन्तु अब यहाँ आने के लिये सड़क भी उपलब्ध है।

बाग के बीचोंबीच शानदार चिकने पत्थरों से बनी एक नहर बहती है, जिसकी शोभा देखने लायक है।

इस बाग की डिजायन, चाहार बाग ऑफ पेरसिया पर आधारित है। बाग को यहाँ की चीनी खनास या आर्चड नीचेस के लिए जाना जाता है, जो बाग के पिछले हिस्से में वॉटर फॉल्स में बनी हुई है।

**37.** सिस्टाइन चैपेल ने भित्ति चित्र बनाये थे–

(A) लियोनार्डो दॉ विंची
(B) राफेल
(C) माइकल ऐंजेलो
(D) ड्यूरर

**37.** (B/D) प्रश्न के दो विकल्प सही हैं सिस्टाइन चैपेल के भित्ति चित्र माइकल एंजेलो व राफेल दोनों ने बनाये थे। माइकल ऐंजेलो ने सिस्टाइन चैपेल की छत पर भित्ति चित्रण किया था और राफेल, बोत्तिचेली व घिरलैंडियो ने सिस्टाइन चैपेल पर भित्ति चित्रण किया था। यहीं पर राफेल का बनाया प्रसिद्ध चित्र सिस्टाइन मैडोना चित्रित है।

इटालियन 'हाई–रिनासा' का भव्य कला–मन्दिर 'सिस्टीन चैपेल' पोप जूलियस के उदार संरक्षण का ही फल था जिसके अलंकरण में उसने माइकलेन्जेलो और राफेल ऐसे महान कलाकारों को लगाया था।

**38.** सत्यजीत रे की फिल्म 'द इनर आई' सम्बन्धित है–

(A) जामिनी राय
(B) रबीन्द्रनाथ टैगोर

(C) नन्दलाल बोस

(D) बिनोद बिहारी मुखर्जी

**38.** (D) बिनोद बिहारी मुखर्जी का जन्म बेहला कोलकाता में हुआ था। बिनोद बिहारी मुखर्जी ने अपने जीवन के आखिरी लगभग 25 साल अंधेपन में बिताए, पर उन्होंने हार नहीं मानी। उनके पास एक भीतरी आँख थी। सत्यजीत रे ने जब फिल्म प्रभाग के लिए बिनोद बिहारी मुखर्जी पर 1972 में अपनी प्रसिद्ध डॉक्यूमेंटरी फिल्म 'द इनर आई' बनाई थी तो कलाकार की इसी दृष्टि को रेखांकित किया था।

**39.** गीता कपूर कौन है?

(A) चित्रकार

(B) मूर्तिकार

(C) प्रिंटमेकर

(D) इतिहासकार तथा कला समीक्षक

**39.** (D) गीता कपूर (अंग्रेजी) Geeta Kapur, जन्म–1943 : भारत की अग्रणी कला समीक्षक, इतिहासकार और क्यूरेटर हैं। वह भारत में कला आलोचनात्मक लेखन के अग्रदूतों में से एक हैं।

**40.** लियोनार्डो द विन्ची के शिक्षक कौन थे?

(A) लॉरेन्जो घिबर्टी

(B) दोनातेल्लो

(C) आँद्रियादेल वैरोशियो

(D) जार्ज बेसारी

**40.** (C) लियोनार्डो द विन्ची आरम्भिक शिक्षा–दीक्षा सुप्रसिद्ध चित्रकार वैरोशियो की चित्रशाला में शुरु हुई। कला इतिहासकार वसारी के अनुसार बालक लियोनार्डो बाल्यकाल से ही होनहार था। कालान्तर में 'वह चित्रकारी में अपने गुरु से भी आगे बढ़ गया, लियोनार्डो की विलक्षण प्रतिभा से दंग होकर, गुरु वैरोशियो चित्रण कार्य छोड़ केवल मूर्तिकला की ओर उन्मुख रहे।

**41.** कोणार्क में सूर्य मन्दिर के "जगमोहन" पर सूर्यदेव की प्रतिमायें किसकी बनी हैं?

(A) रवॉन्डालाइट मार्क

(B) ब्लैक/काला क्लोराइड

(C) काला बेसाल्ट

(D) काला ग्रेनाइट

**41.** (B) सारा मन्दिर मूर्तियों से भरा पड़ा है। मन्दिर की पट्टियों की बनावट विशेष रूप से दृष्टव्य हैं। सब पट्टियों पर जो संख्या में 24 हैं, मूर्तियाँ बनी हैं। सूर्य मन्दिर के 'जगमोहन' पर सूर्यदेव की प्रतिमा काले ग्रेनाइट पत्थर की बनी है, परन्तु जगमोहन की चौखट के द्वार क्लोराइड नामक पत्थर के बने हैं जिसे यहाँ मुगनी कहते हैं। इस पर बेलबूटे इतने सुन्दर हैं जो और कहीं पर दिखाई नहीं देते हैं।

**42.** किस चित्रकार ने "स्कूल ऑफ एथेंस" चित्रित किया था?

(A) माइकेल एंजेलो

(B) टीशियन

(C) लियोनार्डो

(D) राफेल

**42.** (D) 1509 तथा 1512 के मध्य राफेल ने पोप जूलियस द्वितीय तथा लियो दशम के हेतु भित्ति चित्र अंकित किये। इन्हीं में "स्कूल ऑफ एथेन्स" नामक प्रसिद्ध कृति है। छब्बीस वर्ष की आयु में राफेल कलाकारों की प्रथम श्रेणी में गिना जाने लगा।

**43.** "ब्लो राइटेर" नाम के नव आन्दोलन की पहल किस कलाकार ने की थी ?

(A) पिकासो

(B) सल्वाडोर डाली

(C) कान्डिन्स्की

(D) जोन मीरो

**43.** (C) "ब्लो राइटेर" कोई सुगठित संस्था नहीं थी। वह केवल समान विचारों के कलाकारों का भ्रातृमंडल था जिसमें कान्डिन्स्की, मार्क, माके व यालेन्सकी प्रमुख थे।

**44.** किस कलाकार ने अपना कैरियर सिनेमा पोस्टर और कट आउट पेंटर के रूप में आरम्भ किया ?

(A) सतीश गुजराल (B) एन. एस. बेन्द्रे

(C) एन. एफ. हुसैन (D) एफ. एन. सूजा

**44.** (C) 1937 में हुसैन ने अंतिम रूप से मुम्बई की राह पकड़ी। जब मुम्बई पहुँचे तो उन्होंने खुद अपने पैरों पर खड़े होने की कोशिश की वह सिनेमा के पोस्टर बनाने का काम करते थे, पढ़ते थे और एक कलाकार की जिंदगी जीने की कोशिश करते थे।

**45.** जामिनी रॉय की प्रसिद्ध कृति "माँ एवं शिशु" चित्र का माध्यम–

(A) कैनवास पर तैल रंग

(B) कैनवास पर टेम्परा

(C) टेम्परा

(D) वाश

**45.** (C) आयोग ने इस प्रश्न को निरस्त का दिया है। 1920 के दशक में कलकत्ता एवं शांति निकेतन में कला के क्षेत्र में कई अभिनव प्रयोग हुए। इन गतिविधियों में जामिनी रॉय की गाथा उल्लेखनीय है। वे बंगाल की लोक कला की ओर आकृष्ट थे। हालांकि उन्होंने कलकत्ता के सरकारी कला विद्यालय में प्रशिक्षण प्राप्त किया। रॉय की कलात्मक अभिरुचि का सही मायनों में विकास उनके बाल्यकाल में ही बीरभूम जिले के बेलियाटोर गांव में हुआ जो उन दिनों अविभाजित बंगाल का एक हिस्सा था। रॉय ने स्वरूपों की सहजता को अपनाया, सशक्त एवं सपाट रंगों एवं माध्यमों को चुना। स्थानीय लोक कलाओं के विषय–वस्तु का अपनी कला में समावेश किया। उन्होंने कीमती कैनवास एवं ऑयल पेंटस को छोड़कर सस्ती सामग्रियों का इस्तेमाल शुरू किया जो उन दिनों लोक कला के लोग किया करते। रामायण एवं कृष्ण लीला के दृश्यों को अपनी कला में उतारा। गांव के आम स्त्री–पुरुष का चित्रण किया। पटुआ के संग्रह से लोकप्रिय प्रतिबिम्बों को पुनः लोगों के बीच पेश किया। जामिनी रॉय सतरंगी दुनिया तक सीमित रहे यानी भारतीय लाल, पीला, हरा, सिंदूरी, भूरा, नीला और सफेद रंगों को कला में उडेला। इनमें अधिकांश जमीनी या प्राकृतिक रंग थे।

**46.** भारत में पहली विज्ञापन एजेन्सी खुली थी–

(A) दिल्ली (B) मुम्बई

(C) अहमदाबाद (D) कोलकाता

**46.** (B) मुम्बई में भारत की पहली विज्ञापन एजेन्सी खुली थी।

**47.** लेजर प्रिंटिंग में रिजोल्यूशन की इकाई को क्या कहते हैं?

(A) आई.पी.टी. (B) डी.पी.आई.

(C) टी.पी.आई. (D) एल.पी.आई.

**47.** (B) लेजर प्रिंटिंग में रिजोल्यूशन की इकाई को डी.पी.आई. करते हैं। कम्प्यूटर से मुद्रण के लिये डिजाइन तैयार करते समय निर्गत (output) की गुणवत्ता के लिए मात्रक की (resolution) की संख्या का विशेष ध्यान रखा जाता है। रिजोल्यूशन मुद्रित होने वाले डिजाइन की सुस्पष्ट छवि का निर्धारण करता है जो डिजाइन निर्माण में प्रयुक्त होने वाले बिन्दु प्रति इंच (Dot per inch = DPI) पर निर्भर होती है जो बताता है कि छवि निर्माण के लिए प्रति इंच में कितने बिन्दु प्रयुक्त हुए हैं।

**48.** पदपाणि बोधिसत्व कहाँ है?

(A) अजन्ता गुफायें (B) बादामी गुफायें

(C) एलोरा गुफायें (D) एलीफेंटा गुफायें

**48.** (A) पदपाणि बोधिसत्व अजन्ता की गुफाओं में है। अजन्ता का सबसे अधिक विख्यात चित्र बोधिसत्व पद्मपाणि का चित्र शरीर सौष्ठव का वह आदर्श प्रस्तुत करता है जिसमें एक महामानव की कल्पना की गयी है।

**49.** "कलमकारी" का सम्बन्ध किस राज्य से है?
(A) आन्ध्र प्रदेश (B) उत्तर प्रदेश
(C) बिहार (D) छत्तीसगढ़

**49.** (A) 'कलमकारी' का सम्बन्ध आन्ध्र प्रदेश राज्य से है। कलमकारी चित्र बनाने की एक ऐसी कला है, जो कि कलम से सूती कपड़े पर बनाई जाती है। आन्ध्र प्रदेश में कलाहिस्त जिला अलंकारिक कलमकारी का केन्द्र है।

**50.** सेरीग्राफ किसका तकनीकी नाम है ?
(A) सिल्क स्क्रीन प्रिन्टिंग
(B) वुड कट प्रिंन्टिग
(C) इन्टैग्लियो प्रिन्टिंग
(D) लीथोग्राफ

**50.** (A) सिल्क स्क्रीन प्रिन्टिंग सेरीग्राफ और पोरस सरफेस प्रिंटिंग के नाम से भी जाना जाता है। वर्तमान में यह मुद्रण की एक महत्वपूर्ण विधि है। इसमें सिल्क या नायलॉन का एक महीन कपड़ा प्रयोग किया जाता है जिसमें जाली (मैस) होती है, इसलिए इसे सिल्क स्क्रीन प्रिन्टिग कहते हैं।

**51.** "ब्लू राइडर ग्रुप" किसने चित्रित किया?
(A) ब्राक (B) फ्रेंजमार्क
(C) शेगाल (D) सेजा

**51.** (B) प्रश्न में दिए गए विकल्पों में से फ्रेंज मार्क ही एक ऐसे कलाकार हैं जिनका ब्लू राइडर ग्रुप की स्थापना में योगदान था। ''ब्लू राइडर ग्रुप'' किसी चित्र का नाम नहीं है जो किसी चित्रकार द्वारा चित्रित हो।

**52.** उस समकालीन भारतीय चित्रकार का नाम बताइये जिसने "ययाति" श्रृंखला का सृजन किया–
(A) मंजीत बाबा (B) गणेश हलाई
(C) ए. रामचन्द्रन (D) लक्ष्मा गौड

**52.** (C) 'ययाति श्रृंखला का सृजन ए. रामचन्द्रन ने किया था। एक चित्रकार के रूप में रामचन्द्रन का वास्तविक जन्म आधुनिक भारतीय कला के एक मास्टर पीस म्यूरल 'ययाति' (1986) से हुआ। 'ययाति' दरअसल एक 60 फुट लम्बी पेंटिंग है जिसके 12 पैनल हैं। इस कलाकृति के केन्द्र में 13 मूर्तिशिल्प भी हैं।

**53.** मारियों मिरांडा है–
(A) कार्टूनिस्ट (B) फोटोग्राफर
(C) डिजाइनर (D) टाइपोग्राफिस्ट

**53.** (A) मारियों मिरांडा एक कार्टूनिस्ट है।

**54.** किताब के पिछले सिरे (मोटाई) को कहा जाता है–
(A) फोर–ऐज (B) वाल
(C) स्टिचिंग (D) स्पाइन

**54.** (D) किताब के पिछले सिरे (मोटाई) को स्पाइन कहा जाता है।

**55.** मुगल चित्रकला विकसित हुई–
(A) बाबर (B) अकबर
(C) औरंगजेब (D) हुमायूँ

**55.** (B) मुगल चित्रकला अकबर के समय में विकसित हुई। अकबर का चित्रकला के प्रति जो अगाध प्रेम था वह ही उसे सब तरह से प्रोत्साहित भी करता था। वह चित्रकला को अध्ययन एवं मनोरंजन का सर्वश्रेष्ठ साधन मानता था। उसके संरक्षण में इस कला की विशेष अभिवृद्धि हुई और अनेक चित्रकारों ने प्रसिद्धि प्राप्त की।

**56.** वह कलाकार जिसने लोक कला को अपनी चित्रण शैली के रूप में अपनाया–
(A) मदन लाल नागर (B) बद्रीनाथ आर्य
(C) यामिनी रॉय (D) ललित मोहन सेन

**56.** (C) यामिनी रॉय एक ऐसे कलाकार हुए जिन्होंने भारतीय मिट्टी की सोंधी गंध को अनुभव कर विशुद्ध लोक–कला रचनाओं को अपने चित्रों का आधार बनाया। इसके लिए उन्होंने बंगाल की लोककला से प्रेरणा ली और जीवनपर्यन्त यहाँ रहकर चित्रण कार्य करते रहे।

**57.** "पेट्रोग्लिफ" सन्देश का प्राचीनतम माध्यम निम्न में से किससे सन्दर्भित है ?
(A) गुफाओं में रंगे गए चित्र
(B) गुफाओं में उकेरे गये चित्र
(C) प्रकृति द्वारा किया गया अमूर्त चित्रण
(D) अभिलेख

**57.** (B) यह मानव द्वारा निर्मित प्राकृतिक पत्थर पर अंकित छाप हैं।
इसे सामान्यतः तीन रूपों में विभाजित किया जाता है :
शैलोत्कीर्ण (Petroglyphs) : जो चट्टान की सतह पर खुदे हुए हैं।
चित्रलिपि (Pictographs) : जिन्हें सतह पर चित्रित किया गया है।
अल्पना–रंगोली–अर्थ फिगर्स (Earth Figures) : जो जमीन पर बने हुए हैं।
भारत में शैल चित्र मुख्य रूप से निम्नलिखित गुफाओं में पाए जाते हैं–
भीमबेटका गुफाएँ (Bhimbetka caves) : ये होशंगाबाद तथा भोपाल के बीच स्थित हैं।
बाघ गुफाएँ (Bagh caves) : मध्य प्रदेश के धार जिले में बाघनी नदी के तट पर स्थित हैं।
जोगीमारा गुफाएँ (Jogimara caves) : यहाँ बने चित्र अजंता और बाग की गुफाओं के शैल चित्रों से भी पुराने हैं और इनका संबंध बुद्ध (Buddha) से पूर्व की गुफाओं से है। ये गुफाएँ छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में नर्मदा के उद्‌गम स्थल के निकट अमरनाथ में स्थित हैं।
अरमामलाई गुफाएँ (Armamalai caves) : तमिलनाडु के वेल्लोर जिले में स्थित अरमामलाई के गुफा चित्र, प्राचीन चित्रों, शैल उत्तकीर्णो (Petroglyphs) और शैल चित्रों के साथ एक जैन मंदिर के लिये जानी जाती हैं।

**58.** "हनिवा टेराकेटा" किस देश से सम्बन्धित है?
(A) चीन (B) जापान
(C) कोरिया (D) थाइलैंड

**58.** (B) हनिवा टेराकोटा जापान की एक कला है। इसमें गोद मिश्रित मिट्टी का प्रयोग कला सर्जना हेतु किया जाता है।

**59.** "द पोटैटो ईटर" किसका चित्र है ?
(A) विन्सेन्ट वान गॉग (B) पॉल गोगा
(C) कैमिले पिसारो (D) क्लॉड मोने

**59.** (A) 'द पोटैटो ईटर' (1885 ई.) वान गॉग का अत्यन्त प्रसिद्ध चित्र है, इसमें भूरे व हरे रंगों का प्रयोग, ऊबड़–खाबड़ धरातल (जो मोटे रंगों के प्रयोग के कारण आया) तथा संभ्रांत वर्ग के रहन–सहन से भिन्न वातावरण का चित्रण है।

**60.** विश्व फोटोग्राफी दिवस मनाया जाता है–
(A) 5 सितम्बर (B) 19 अगस्त
(C) 14 नवम्बर (D) 7 दिसम्बर

**60.** (B) विश्व फोटोग्राफी दिवस 19 अगस्त को मनाया जाता है।

**61.** अभिव्यंजनावाद का प्रारम्भ किस देश से हुआ था?
(A) भारत (B) इटली
(C) जर्मनी (D) फ्रांस

**61.** (C) अभिव्यंजनवाद का प्रारम्भ जर्मनी से हुआ था।
क्रोंचे ने अपने ग्रंथ 'एस्थेटिक' नामक ग्रंथ में दार्शनिक हेगल से प्रभावित होकर अभिव्यंजनावाद सिद्धान्त का प्रतिपादन किया है। वे काव्य में अभिव्यंजना को ही सर्वस्व स्वीकार करते हैं । उनकी दृष्टि में अभिव्यंजना सौंदर्य है, और सौंदर्य ही

अभिव्यंजना है ।सौंदर्य को सन्दर्भ में क्रोंचे की अत्यन्त महत्वपूर्ण स्थापना यह है कि सभी मनुष्य कवि हैं, कुछ बड़े और कुछ छोटे। जिनकी सहजानुभूति या अभिव्यंजना पूर्ण है,वे बड़े कवि हैं और जिनकी अपूर्ण है वे छोटे कवि। उसके अनुसार अभिव्यंजना, कला या काव्य एक सौंदर्य दृष्टि है ।इसकी सृजन प्रक्रिया की चार अवस्थाएँ हैं–
प्रथम–कल्पना से पड़े प्रभाव की ।
द्वितीय–मानसिक सौंदर्य संश्लेषण की ।
तृतीय–सौंदर्यानुभूति के आनन्द की ।
चतुर्थ–उसकी शारीरिक क्रिया के रूप में रूपान्तरण की ।

**62.** सित्तनवासल गुफा कहाँ है?
(A) केरल (B) तमिलनाडु
(C) आन्ध्र प्रदेश (D) कर्नाटक

**62.** (B) तमिलनाडु में तंजौर के समीप सित्तनवासल नामक स्थान पर पल्लव नरेश महेन्द्रवर्मन तथा उनके उत्तराधिकारी पुत्र नरसिंहवर्मन ने कई गुफा मन्दिरों का निर्माण कराया। ये गुफा मन्दिर उत्कृष्ट भित्ति चित्रण के लिए प्रसिद्ध हैं। ये गुफाएँ सिद्धों, शैव और जैन धर्म से जुड़े लोगों की रही हैं। सित्तनवासल की चित्रकलाएँ जैन विषयों और प्रतीक प्रयोगों से गहरे रूप से जुड़ी हुई हैं, लेकिन अजंता के समान ही मानदंड एवं तकनीकों का प्रयोग करती हैं।यहाँ के मंदिर की छत पर एक सघन कमल वन चित्रित किया गया है। यहाँ के चित्रों में पांड्य राजा–रानी और एक नर्तकी के चित्र को प्रशंसा मिली है।

**63.** छपाई कला की खोज हुई थी–
(A) इंग्लैण्ड (B) फ्रांस
(C) चीन (D) भारत

**63.** (C) बौद्ध तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा मुद्रण के प्रारम्भिक प्रयास ही किये गये थे। चीन, जापान और कोरिया में हुए ये प्रयास बौद्धों द्वारा सार्वजनिक संवाद को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किये गये थे। सर्वप्रथम लकड़ी के ब्लॉक बनाकर मुद्रण करना चीन में प्रारम्भ किया गया था।

**64.** प्रख्यात चित्र "गुएर्निका" किस माध्यम में निर्मित है ?
(A) जल रंग
(B) कैनवास पर तैल रंग
(C) टेम्परा
(D) मिश्रित माध्यम

**64.** (B) स्पेन के महान चित्रकार थे। इन्होंने अपना शेष जतमे के लिए कैनवास पर तैल रंग का प्रयोग प्रख्यात चित्र गुएर्निका का निर्माण किया।

**65.** 'भारत कला भवन' वाराणसी की स्थापना में किसका महत्वपूर्ण योगदान है?
(A) पं. मदन मोहन मालवीय
(B) रायकृष्ण दास
(C) आनन्दकृष्ण दास
(D) पं. जवाहरलाल नेहरू

**65.** (B) वाराणसी में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के प्रांगण में स्थित "भारत कला भवन" एक चित्रशाला है। यह एशिया का सबसे बड़ा विश्वविद्यालय संग्रहालय है। यहाँ की चित्र वीथिका (गैलरी में) 12वीं शती तक के भारतीय लघु चित्र सुरक्षित हैं। भारत कला भवन की स्थापना 1920 में हुई थी। "भारत कला भवन" संग्रहालय के संस्थापक रायकृष्णदास विख्यात कला मर्मज्ञ थे।

**66.** लिंगराज मन्दिर कहाँ है?
(A) दिलवाड़ा, माउण्ट आबू
(B) ओसियान
(C) भुवनेश्वर
(D) कांचीपुरम

**66.** (C) लिंगराज मंदिर भारत के ओडिशा प्रांत की राजधानी भुवनेश्वर में स्थित है। मन्दिरों की बहुलता के कारण ही भुवनेश्वर को मंदिरों की नगरी' कहा जाता है।जिस प्रकार मंदिरों के बीच भुवनेश्वर नगर स्थित है, उसी प्रकार अन्य देवालयों के मध्य लिंगराज का भव्य मन्दिर शालीनता के साथ खड़ा है। ग्यारहवीं शताब्दी में केसरी नरेशों ने इसका निर्माण कराया था।

**67.** हेनरी मूर कहाँ के निवासी थे?
(A) इंग्लैण्ड
(B) अमेरिका
(C) ऑस्ट्रेलिया
(D) अफ्रीका

**67.** (A) मूर का जन्म 30 जुलाई, 1898 को कोलफोर्ड (यॉकशायर, इंग्लैंड) में हुआ था। मूर एक खदान मजदूर के परिवार में जन्मे आठ बच्चों में से सातवीं संतान हेनरी मूर ने आधुनिक ब्रितानी मूर्ति शिल्प को तो बदला ही, साथ ही बीसवीं शताब्दी के मूर्तिशिल्प का मतलब भी बदल दिया। जिस तरह आधुनिक चित्रकला की कल्पना पिकासो के बिना नहीं की जा सकी, कुछ उसी तरह से आधुनिक मूर्तिशिल्प की कल्पना हेनरी मूर के बिना सम्भव नहीं है।

**68.** प्रकाश के प्राथमिक रंग हैं–
(A) लाल, नीला, हरा (B) लाल, नीला, पीला
(C) हरा, नीला, पीला (D) हरा, लाल, पीला

**68.** (A) प्रकाश के विभिन्न रंग होते हैं, लेकिन लाल, हरा और नीला रंग प्रकाश के प्राथमिक रंग होते हैं। इन्हें योगात्मक प्राथमिक कहा जाता है, क्योंकि इन तीनों के योग से सफेद प्रकाश का प्रभाव बनता है।

**69.** अंग्रेजी भाषा के लगभग सभी अक्षर किस अक्षर लिपि से आये हैं?
(A) लैटिन (B) रोमन
(C) फ्रेंच (D) स्वीडश

**69.** (A) लैटिन भाषा (Latin) प्राचीन रोम में थी। जिसके अन्तर्गत 21 वर्णों का प्रयोग किया जाता था। इस समय ग्रीक वर्ण लैटिन भाषा के लिए प्रयुक्त किये जाने लगे और रोमनों ने इनमें कई परिवर्तन किये। इस प्रकार प्राचीन लैटिन 21 वर्णों को आधुनिक 26 वर्णों का स्वरूप दिया गया जो वर्तमान में प्रचलित हैं।

**70.** "मदर टेरेसा" सीरीज किसने बनाई?
(A) गणेश पाइन (B) विकास भट्टाचार्य
(C) एम. एफ. हुसैन (D) पी. टी. रेड्डी

**70.** (C) एम. एफ. हुसैन के नाम से जाने–जाने वाले भारतीय चित्रकार थे। अपनी प्रसिद्ध चित्र– शृंखलाओं–रामायण और महाभारत (हिंसा, अन्याय तथा विषाद का चाक्षुष रूपक), मदर टेरेसा (प्रेम तथा आशा का प्रतीक), इमेज ऑफ द ब्रिटिश राज (तत्कालीन जीवन तथा व्यक्तियों पर चुटीला व्यंग्य) के द्वारा हुसैन आदमी और आदमी के बीच बढ़ती नफरत के प्रति अपने सरोकारों व गुस्से को प्रदर्शित करते रहे हैं।

**71.** "स्लीप और रीजन ब्रिग्स फोर्थ मॉन्सटर" नामक एचिंग सीरीज को किसने चित्रित किया था?
(A) अलब्रैख्त ड्यूरर (B) फ्रान्सिन्को गोया
(C) ओनोर डॉगियर (D) रेम्ब्रां

**71.** (B) फ्रान्सिन्को गोया का जन्म 1746 ई. में स्पेन में हुआ था। गोया एक प्रसिद्ध रोमीशवादी कलाकार माने जाते हैं। जिन्होंने स्पेन की राजधानी 'बासीलोना' को अपना कार्यक्षेत्र बनाया। इनके द्वारा बनाये गये प्रसिद्ध चित्रों में युद्ध के दुष्परिणाम, दो मई व तीन मई आदि प्रसिद्ध हैं। इन्होंने 'स्लीप ऑफ रीजन' ब्रिग्स फोर्थ मॉन्सटर नामक एचिंग सीरिज के साथ–साथ 'चांचल्य' नाम की चित्रमालिका का निर्माण किया।

72. एम. एफ. हुसैन का निधन कहाँ हुआ था?
(A) लन्दन (B) कतर
(C) मुम्बई (D) न्यूयॉर्क

72. (A) मकबूल फिदा हुसैन महाराष्ट्र के प्रसिद्ध चित्रकार जिनका पूरा जीवन चित्रकला को समर्पित था और जिन्हें प्रगतिशाली चित्रकार माना जाता है। इनका निधन लन्दन में हुआ था। मक्बूल फिदा हुसैन को कला के क्षेत्र में भारत सरकार द्वारा सन 1991 में भारत के दूसरे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया।

73. भविष्यवाद (फ्यूचरिज्म) का उद्भव किस देश में हुआ था?
(A) फ्रांस (B) इटली
(C) जर्मनी (D) हॉलैण्ड

73. (B) भविष्यवाद राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान प्रणेता इटालियन लेख व सम्पादक फिलिप्पो तोम्मासो मरिनेत्ति थे। इनका जन्म 1876 में इजिप्ट में हुआ। भविष्यवाद एक कलात्मक तथा सामाजिक कला आन्दोलन था जो इटली में आधुनिक कला के प्रारम्भ का द्योतक था।

74. मुगलकाल का प्रसिद्ध चिड़ियों का चितेरा–
(A) बसावन (B) मन्सूर
(C) विशनदास (D) दसवन्त

74. (B) मन्सूर की नियुक्ति अकबर की चित्रशाला में हुई थी और उसने पशु–पक्षी सम्बन्धी अनेक चित्र उस समय भी बनाए थे, लेकिन उसकी कला का चर्मोत्कर्ष जहाँगीर के समय में दिखता है। जहाँगीर के दरवार का मन्सूर श्रेष्ठ चित्रकार था। पशु–पक्षियों, वृक्ष–लताओं और पुष्पों को चित्रित कर उसने विशेष ख्याति प्राप्त की। मन्सूर को दुर्लभ पक्षी और सुन्दर पुष्पों के अंकन में विशेष महारत प्राप्त थी।
''विद्'' का अर्थ है– जानना, ज्ञान इत्यादि। वेद शब्द संस्कृत भाषा के ''विद्'' धातु से बना है। 'वेद' हिन्दू धर्म के प्राचीन पवित्र ग्रंथों का नाम है, इससे वैदिक संस्कृति प्रचलित हुई। ऐसी मान्यता है कि इनके मन्त्रों को परमेश्वर ने प्राचीन ऋषियों को अप्रत्यक्ष रूप से सुनाया था। इसलिए वेदों को श्रुति भी कहा जाता है। वेद प्राचीन भारत के वैदिक काल की वाचिक परम्परा की अनुपम कृति है, जो पीढ़ी–दर–पीढ़ी पिछले चार–पाँच हजार वर्षों से चली आ रही है। वेद ही हिन्दू धर्म के सर्वोच्च और सर्वोपरि धर्मग्रन्थ हैं। वेद के असल मन्त्र भाग को संहिता कहते हैं।

75. वेदों की कुल संख्या कितनी है?
(A) दो (B) चार
(C) आठ (D) सात

75. (B) वादों की कुल संख्या चार है।

76. आल इण्डिया फाईन आर्ट्स एण्ड क्राफ्ट्स सोसायटी, नई दिल्ली की स्थापना कब हुई थी?
(A) 1936 (B) 1928
(C) 1947 (D) 1954

76. (B) अखिल भारतीय ललित कला और शिल्प सोसाइटी (AIFACS) भारत में एक स्वतंत्र कला संगठन है, जिसकी स्थापना 1928 में दिल्ली में हुई थी। भारतीय स्वतंत्रता के बाद के दशक में, इसके कई कार्य तीन राष्ट्रीय अकादमियों में स्थानांतरित किए गए–ललित कला अकादमी, संगीत नाटक अकादमी और दृश्य कला, रंगमंच कला और साहित्य के क्षेत्र के लिए साहित्य अकादमी।

77. राघव कनेरिया को किस रूप में जाना जाता है ?
(A) फोटोग्राफर (B) ग्राफिक आर्टिस्ट
(C) मूर्तिकार (D) चित्रकार

77. (C) राघव कनेरिया को मूर्तिकार के रूप में जाना जाता है। राघव कनेरिया मूर्तिशिल्पों को मिट्टी, लकड़ी, धातु तथा मटके के टुकड़ों के माध्यम से संयोजित करते हैं। इनमें आध्यात्मिक व ऐन्द्रिक कलात्मकता बहुत खूबसूरती के साथ उभर कर आती है।

78. नेशनल इन्स्टीट्यूट ऑफ डिजाइन कहाँ है?
(A) मुम्बई (B) दिल्ली
(C) अहमदाबाद (D) बेंगुलुरू

78. (C) यह गुजरात के अहमदाबाद नगर में स्थित है। राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान (National Institute of Design) भारत का प्रमुख डिजाइन संस्थान है। यह एक स्वायत्त संस्थान है। 'बिजनेस वीक' ने इसे विश्व के सर्वोत्कृष्ट डिजाइन स्कूलों में शामिल किया है और इसका स्थान वर्णाक्रमानुसार बत्तीसवाँ दिया है।

79. कान्हेरी गुफायें कहाँ हैं ?
(A) मद्रास (B) मुम्बई
(C) त्रिवेन्द्रम (D) भुवनेश्वर

79. (B) कान्हेरी में पहाड़ी की चट्टानों को काट–छाँट करके 90 गुफाओं का निर्माण किया गया था। मुम्बई महानगर की सीमा में बोरिवली रेलवे स्टेशन से लगभग 8 किमी. की दूरी पर कान्हेरी स्थित है।

80. कोलकाता में विक्टोरिया स्मारक पर 1998 का प्रस्थान "स्ट्रेकचर्स ऑफ मीनिंग" किसने बनाया था ?
(A) नलिनी मालानी (B) शियु नटेशन
(C) विवान सुन्दरम (D) शीला गाउडा

80. (C) विवान सुन्दरम ने विक्टोरिया स्मारक पर 1998 का प्रस्थान 'स्ट्रेकचर्स ऑफ मीनिंग' बनाया था।

81. त्रैवार्षिकी भारत (अन्तर्राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी) का प्रारम्भ किस वर्ष हुआ?
(A) 1971 (B) 1968
(C) 1964 (D) 1970

81. (B) नई दिल्ली में ललित कला अकादमी द्वारा सन् 1968 ई. से कला त्रैवार्षिकी का आयोजन किया जाता है।

82. "द मर्चेंट ऑफ वेनिस" किसने लिखा था?
(A) रबीन्द्रनाथ टैगोर
(B) विलियम शेक्सपियर
(C) थॉमस ग्रे
(D) विलियम वर्डसवर्थ

82. (B) 'द मर्चेंट ऑफ वेनिस' (वेनिस का सौदागर) विलियम शेक्सपियर की रचना है।

83. "लस्ट फॉर लाईफ" पुस्तक किस कलाकार के जीवन पर आधारित है ?
(A) रौंदा (B) रेम्ब्रा
(C) वॉन–गॉग (D) हेनरी मूर

83. (C) वासना के लिए जीवन (1934) इरविंग स्टोन द्वारा लिखित एक जीवनी उपन्यास है, जो प्रसिद्ध डच चित्रकार, विन्सेंट वॉन गॉग और उनके कष्टों पर आधारित है।

84. "बनी–ठनी" पेंटिंग जिस दरबार के चित्रकारों की रचना थी, वह था–
(A) सिख (B) शाहजहाँ
(C) माण्डू (D) किशनगढ़

84. (D) किशनगढ़ शैली के चित्रों में राधा के सौन्दर्य को प्रस्तुत करने में ''बनी–ठनी'' का रूप ही कलाकारों के लिए आदर्श बना जिसे मोर ध्वज निहालचन्द्र नामक चित्रकार ने बनाया।

85. कोई नाम, चिह्न या अन्य तरीका जो किसी कम्पनी को उसे प्रयोग करने का न्यायिक एकाधिकार प्रदान करता है, उसे कहते हैं–
(A) ट्रेड मार्क (B) रजिस्ट्रेशन
(C) ब्रान्ड (D) कम्पनी

85. (A) ट्रेडमार्क एक प्रकार की बौद्धिक संपदा है। व्यापारिक चिन्हन (ट्रेड मार्क) एक विशिष्ट

नाम या प्रतीक चिह्न है जिसमें किसी चिह्न, आकृति, रंग पोत, वस्तु एवं अक्षर आदि का प्रयोग किया जाता है जो अर्थ को व्यक्त करता है। ये विशिष्ट चिह्न कानून द्वारा संरक्षित एवं रजिस्टर्ड हो सकते हैं।

**86.** जॉन सैनफील्डर ने किसका आविष्कार किया?
(A) इंटैग्लियो प्रिंटिंग (B) स्क्रीन प्रिंटिंग
(C) लीथोग्राफी (D) लेटर प्रेस

**86.** (C) सैनफील्डर ने लीथोग्राफी का आविष्कार किया है। सैनफील्डर ने इस प्रक्रिया को रसायन मुद्रण का नाम दिया था। इसका लीथोग्राफी नामकरण 1813 ई में एच. बैक्स ने किया था।

**87.** भारतवर्ष में प्रकाशित पहला अखबार है–
(A) इंडियन एक्सप्रेस (B) हिन्दुस्तान टाइम्स
(C) द हिन्दू (D) बंगाल गजट

**87.** (D) बंगाल गजट के प्रकाशक जेम्स आगस्टस हिक्की थे। बंगाल गजट भारत में प्रकाशित होने वाला एक अंग्रेजी भाषा का पहला समाचार पत्र था। यह एक साप्ताहिक पत्र था जो कोलकाता से सन् 1779 में आरम्भ हुआ।

**88.** टेलीविजन मीडिया पर प्रचार की कीमत का आधार है–
(A) समय (B) जगह
(C) प्रोडक्शन (D) रंग

**88.** (A) समय टेलीविजन मीडिया पर प्रचार की कीमत का आधार है।

**89.** "रस" उत्पत्ति को सबसे पहले किसने परिभाषित किया?
(A) अरस्तू (B) अभिनव गुप्त
(C) भरतमुनि (D) ब्रडले

**89.** (C) भरतमुनि का नाट्य शास्त्र भारतीय सौन्दर्य–दर्शन का प्राचीनतम ग्रन्थ है जिसमें उन्होंने अपना सुप्रसिद्ध–रस सिद्धान्त प्रतिपादित किया है। भावों द्वारा रस की निष्पत्ति और प्रेक्षक द्वारा उसकी अनुभूति सौन्दर्य का सर्वोच्च स्वरूप कहा गया है।

**90.** अमृता शेरगिल की मृत्यु किस शहर में हुई थी?
(A) बुडापेस्ट (B) गोरखपुर
(C) लाहौर (D) नई दिल्ली

**90.** (C) अमृता शेरगिल का जन्म 30 जनवरी, 1931 ई. में हेगरी में हुआ था। ये भारत की प्रथम आधुनिक महिला चित्रकार मानी जाती हैं इन्होंने पाश्चात्य चित्रण विधि में भारतीय विषयों पर चित्रों की रचना की 28 वर्ष की अल्प आयु में 5 दिसम्बर, 1941 ई. को इनकी मृत्यु लाहौर में हुई थी।

**91.** रिनी धूमाल प्रख्यात है–
(A) पेंटिंग के लिये
(B) मूर्तिकला के लिये
(C) संस्थापन कला के लिये
(D) न्यू मीडिया आर्ट के लिये

**91.** (A) रिनी धूमाल का जन्म बंगाल में हुआ। रिनी धूमाल बड़ोदरा से प्रशिक्षित हैं और अब अपने कलाकार पति पी. डी. धूमाल के साथ बड़ोदरा में ही रहती हैं। चाहे वह एक्रिलिक में काम करें, चाहे प्रिंट मेकिंग में, चाहे ग्लास की पेंटिंग में, एक चाक्षुष निरन्तर उनकी कला में पहचानी जा सकती है। प्रिंटमेकिंग में उनका विशेष योगदान रहा है।

**92.** प्रसिद्ध चित्र "रेप ऑफ यौरोपा" किस चित्रकार ने बनाया था?
(A) टीशियन (B) कारवेज्जयो
(C) रेम्ब्रां (D) लियोनार्डो

**92.** (A) वेनिस के प्रसिद्ध चित्रकार टिशियन का जन्म 1485 ई. में हुआ था। इनकी गणना इटली के पुनरुत्थान काल के कलाकारों में की जाती है। इनका सबसे प्रसिद्ध चित्र 'रेप ऑफ यौरोपा' को माना जाता है।

**93.** अनीस कपूर की महत्वपूर्ण रचना कौन–सी है?
(A) यक्ष–यक्षी (B) डेविड
(C) क्लाउड गेट (D) बुद्ध

**93.** (C) क्लाइड गेट अतीस कपूर की रचना है।

**94.** पाब्लो पिकासो का जन्म कहाँ हुआ था?
(A) जर्मनी (B) इटली
(C) पोलैण्ड (D) स्पेन

**94.** (D) पिकासो का जन्म मलागा (स्पेन) में 1881 में हुआ था और बीस की उम्र के आसपास पहुँचकर इस अनोखी प्रतिभा वाले चित्रकार (एक दिन में तीन–तीन कैनवास पूरे करने की क्षमता थी) ने पेरिस में एक छोटे से स्टूडियो में अपनी कला को शुरुआत की थी।

**95.** रंग को तकनीकी भाषा में कहते हैं–
(A) ह्यू (B) वैल्यू
(C) क्रोमा (D) विबग्योर

**95.** (A) रंग को तकनीकी भाषा में ह्यू कहते हैं। प्रत्येक रंग (वर्ण) में तीन भौतिक गुण होते हैं।
(i) वर्ण की रंगत (Hue),
(ii) वर्ण का मान (Value),
(iii) वर्ण की प्रबलता (Saturation/ Intensity/Chroma)

**96.** शान्तिनिकेतन में मध्ययुगीन हिन्दू संत के भित्ति चित्रों को किसने चित्रित किया है?
(A) नन्द लाल बोस
(B) रबीन्द्रनाथ टैगोर
(C) बिनोद बिहारी मुखर्जी
(D) के. जी. सुब्रमण्यम

**96.** (C) बिनोद बिहारी के टेंपरा और भित्तिचित्र (म्यूरल) प्रिय माध्यम थे। हिन्दी भवन (शान्तिनिकेतन) का प्रसिद्ध म्यूरल हिन्दी के संत कवियों से प्रेरित है। तीन दीवारों पर बने इस म्यूरल में यूरोपीय रेनेसां से शुरू होकर, भारत, चीन, जापान आदि की कला परम्परा के गुणों का अद्भुत मेल है।

**97.** "मिथास एण्ड सिंनलस इन इंडियन आर्ट एण्ड सिविलाइजेशन" नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं?
(A) स्टेला क्रैमशिश
(B) हेनरिका जिमर
(C) आनन्द के कुमारस्वामी
(D) जया अप्पस्वामी

**97.** (B) ''मिथास एण्ड सिंनलस इन इंडियन आर्ट एण्ड सिविलाइजेशन'' नामक पुस्तक हेनरिका जिमर ने लिखी है।

**98.** शान्तिनिकेतन किस जनपद में है?
(A) नादिया (B) वीरभूम
(C) हुगली (D) कोलकाता

**98.** (B) भारत के पश्चिम बंगाल प्रदेश के वीरभूम जिला के अन्तर्गत बोलपुर स्थान पर कोलकाता से लगभग 180 किमी उत्तर की ओर शान्तिनिकेतन स्थित है। नोबेल पुरस्कार विजेता कवि रबीन्द्रनाथ टैगोर द्वारा विश्व भारत विश्वविद्यालय की स्थापना के वजह से यह नगर प्रसिद्ध हो गया है। यह स्थान पर्यटन की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यहाँ टैगोर ने कालजयी साहित्यिक कृतियों का सृजन किया। रबीन्द्रनाथ के पिता देवेन्द्रनाथ टैगोर ने वर्ष 1863 में सात एकड़ जमीन पर एक आश्रम की स्थापना की थी वही आज शान्तिनिकेतन के नाम से प्रसिद्ध है।

**99.** बोल्टिंग क्लोथ का उपयोग किस प्रिंटिंग प्रक्रिया में किया जाता है?
(A) लियोग्राफी (शिलामुद्रण)
(B) अम्लांकन (एचिंग)
(C) वुड कट (काष्ठ ब्लॉक)/कुन्दा
(D) सिल्क स्क्रीन छपाई

**99.** (D) एक लकड़ी के फ्रेम में सिल्क अथवा मोल्टिंग क्लाथ' को कॅनवास की तरह लगा देते हैं। फिर उस पर लिथों के स्टोन प्लेट की तरह ही आकृति उतार लेते हैं।

**100.** दिलवाड़ा मन्दिर कहाँ है?
(A) सोमनाथ (B) माउंट आबू
(C) जयपुर (D) पुरी

**100.** (B) राजस्थान के आबू पर्वत पर अनेक मन्दिर हैं। यहाँ दो प्रसिद्ध संगमरमर के मन्दिर हैं जिन्हें दिलवाड़ा कहा जाता है। प्रथम में आदिनाथ की मूर्ति है जिसकी आँखें हीरे की हैं। यह मन्दिर अपनी बारीक नक्काशी तथा मूर्तिकारी के लिए जाना जाता है। दिलवाड़ा जैन मंदिर 11वीं से 13वीं शताब्दी के दौरान चालुक्य राजाओं वास्तुपाल और तेजपाल नामक दो भाइयों द्वारा 1231 ई. में बनवाया गया था। जैन वास्तुकला के सर्वोत्कृष्ट उदाहरण–स्वरूप दो प्रसिद्ध संगमरमर के बने मंदिर जो दिलवाड़ा या देवलवाड़ा मंदिर कहलाते हैं, इस पर्वतीय नगर के जगत् प्रसिद्ध स्मारक हैं। विमलसाह ने पहले कुंभेरिया में पार्श्वनाथ के 360 मंदिर बनवाए थे किंतु उनकी इष्टदेवी अंबा जी ने किसी बात पर रुष्ट होकर पाँच मंदिरों को छोड़ अवशिष्ट सारे मंदिर नष्ट कर दिए और स्वप्न में उन्हें दिलवाड़ा में आदिनाथ का मंदिर बनाने का आदेश दिया।

**101.** निम्नलिखित में से कौन राजकीय कला एवं शिल्प विद्यालय, मद्रास का प्रधानाचार्य नहीं था?
(A) के. सी. एस. पानिकर
(B) देवी प्रसाद राय चौधरी
(C) आर. कृष्ण राव
(D) दिनकर कौशिक

**101.** (D) दिनकर कौशिक देश के प्रतिष्ठित कलाकार और कला समीक्षक थे। इन्होंने 'काल और कला' नाम से हिन्दी में एक चर्चित पुस्तक लिखी लखनऊ कला महाविद्यालय के प्रधानाचार्य भी रह चुके हैं। उसके बाद शांतिनिकेतन में प्रधानाचार्य रहे।

**102.** "कारवेजियो" किस कला आन्दोलन से सम्बद्ध रखते थे?
(A) पुनर्जागरण (रेनेसा)
(B) अत्यलंकृत (रोकोको)
(C) बरोक
(D) स्वच्छंदतावाद (रोमाटिसिज्म)

**102.** (C) कारवेजियो मूलतः एक अतिशय यथार्थवादी, क्रान्तिकारी चित्रकार था जिसने सत्रहवीं शती में 'बरोक' चित्रशैली के विकास में महत्वपूर्ण योगदान किया था।

**103.** विज्ञापन करेक्टर ''गटटू'' का निर्माण किया था–
(A) आर.के. नारायण (B) अजित निनान
(C) के.एस. कुलकर्णी (D) आर.के. लक्ष्मण

**103.** (D) विज्ञापन करेक्टर ''गटूट'' का निर्माण आर. के. लक्ष्मण ने किया था।

**104.** ''आइने अकबरी'' का मुख्य चित्रकार कौन था ?
(A) केशूदास (B) अबुल फज़ल
(C) समशाद (D) मोलाराम

**104.** (A) अबुल फज़ल अकबर के दरबार के ''आइने अकबरी'' के लेखक हैं, चित्रकार नहीं। मोलाराम गढ़वाल शैली के चित्रकार हैं। चारों विकल्पों में से केशूदास ही अकबर कालीन चित्रकार है अतः सम्भवतः केशूदास ने ही आइने अकबरी में मुख्य चित्रकार का कार्य किया होगा।

**105.** जॉन कांस्टेबिल सम्बन्धित है–
(A) रोकोको पेंटिंग
(B) बरोक पेंटिंग
(C) हाई रेनेशां पेंटिंग
(D) इंग्लिश रोमांटिक पेंटिंग

**105.** (D) स्वच्छंदतावाद (Romanticism) की रहस्यात्मक प्रवृत्ति में से दो कलाधाराएँ विकसित हुईं, एक प्रकृत्याश्रित, जिसका विकास कान्स्टेबिल की कला में हुआ, और दूसरी दिव्य दृष्टि आश्रित, जिसे टर्नर के चित्रों की विचित्र दृश्य योजनाओं में अभिव्यक्ति मिली है।

**106.** ''द थिंकर'' नामक मूर्ति किसकी है ?
(A) ड्यूरर (B) माइकल ऐंजलो
(C) राफेल (D) रोंदा

**106.** (D) रोंदा उन्नीसवीं शताब्दी के सबसे प्रसिद्ध मूर्तिशिल्पी थे। रोंदा का 'चिन्तक' (The Thinker) एक अदभुत मूर्ति है। रोदा एक महान मूर्ति शिल्पी थे। उनसे आधुनिक मूर्तिशिल्प की शुरुआत मानने का अर्थ इस जीनियस कलाकार का सम्मान भी है।

**107.** प्रेमचंद की कहानी पर आधारित ''शतरंज के खिलाड़ी'' नामक चलचित्र का निर्देशक कौन था ?
(A) ऋत्विक घटक (B) ऋषिकेश मुखर्जी
(C) शेखर कपूर (D) सत्यजीत रे

**107.** (D) प्रेमचंद की कहानी पर आधारित ''शतरंज के खिलाड़ी'' नामक चलचित्र का निर्देशन सत्यजीत रे ने किया था।

**108.** जयपुर ब्लू पॉटरी के पुनरुत्थान की पृष्ठभूमि में कौन था ?
(A) के.बी. जेना
(B) देवी लाल पाटीदार
(C) कृपाल सिंह शेखावत
(D) गनसिमरन सिंह

**108.** (C) ब्लू पॉटरी की कला के पुनरुत्थान के लिए कृपाल सिंह शेखावत एक खास पहचान है। कृपाल सिंह के महत्व को देश–विदेश में पहचाना गया है। मऊ (सीकर, राजस्थान) में जन्मे कृपाल सिंह शेखावत शांति-निकेतन से प्रशिक्षित हैं। टेंपरा व भित्तिचित्रण के वह कुशल चितेरे हैं।

**109.** ''संथाल फेमिली'' मूर्ति का चित्रकार कौन था ?
(A) बलवीर सिंह कट्ट
(B) रामकिंकर बैज
(C) अवतार सिंह पंवार
(D) पी. सुरेन्द्र

**109.** (B) 1938 में रामकिंकर ने संथाल परिवार नाम के अपने बहुचर्चित मूर्तिशिल्प से आधुनिक भारतीय मूर्तिशिल्प को नई दिशा, नई गति दी थी।

**110.** अजन्ता गुफाओं की खोज कब हुई ?
(A) 1850 (B) 1819
(C) 1908 (D) 1918

**110.** (B) अजंता गुफाएँ महाराष्ट्र, भारत में स्थित तकरीबन 29 चट्टनों को काटकर बना बौद्ध स्मारक गुफाएँ जो द्वितीय ई.पू. के हैं। अजन्ता के चित्र शताब्दियों पूर्व बने और उसके बाद वर्षों तक वह कला जिज्ञासुओं से अन्जान रहे किन्तु 1819 ई. में एक दिन अंग्रेज सैनिकों की एक टुकड़ी द्वारा अजन्ता के चित्रों की खोज की गयी।

गुफाओं की दीवारों (भित्ति) तथा छतों पर बनाए गए चित्रों में सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण चित्र जातक कथाओं (बुद्ध) से जुड़ा हुआ है।

अजंता की गुफा संख्या 9 और 10 में प्राचीनतम चित्रकलाएँ हैं जिनकी समानता अमरावती की मूर्तिकला और सातवाहन काल (2nd B-C) की मानव आकृतियों की वेशभूषा, आभूषणों तथा जातीय विशेषताओं से है।

गुफा संख्या 16–17 के चित्र पाँचवीं सदी के दौरान बने हैं, इनमें आंध्र और वाकाटक शासकों की चर्चा भी है।

16वीं गुफा में सर्वश्रेष्ठ चित्र मरणासन्न राजकुमारी तथा महात्मा बुद्ध के उपदेश का है।

गुफा संख्या 1, 2 और 5 के चित्र पाँचवी सदी से छठी सदी में यानी सबसे बाद में बने।

इन गुफाओं (1, 2, 5) में अत्यधिक अलंकरण और आभूषणीय अभिकल्पों के साथ जातक की कहानियों को चित्रित किया गया है।

**111.** चण्डीगढ़ का वास्तुकार कौन था ?
(A) चार्ल्स कोरिया (B) ली कार्बूजियर
(C) फिलिप जॉन्सन (D) सतीश गुजराल

**111.** (B) चण्डीगढ़ का वास्तुकार ली कार्बूजियर है।

**112.** मोनालिसा कहाँ संगृहीत है ?
(A) म्यूसी द लूव्र
(B) ओरसे म्यूजियन
(C) म्यूसी द क्वाय ब्रान्ले
(D) म्यूसी रोंदा

**112.** (A) मोनालिसा लिओनार्डो दा विंची के द्वारा क्रट एक विश्व प्रसिद्ध चित्र है। कुछ कला मर्मज्ञों के अनुसार चित्र में मोनालिसा मुस्करा नहीं रही है। बल्कि ऊपरी होंठ की छाया पड़ने से ऐसा भ्रम उत्पन्न होता है। यह बहुमूल्य चित्र 1911 में लूव्र संग्रहालय से चोरी हो गया था किन्तु बाद में वह पुनः प्राप्त हो गया और आज तक वहाँ सुरक्षित है।

**113.** अजन्ता के चित्रों का विषय आधारित है—
(A) हिन्दू धर्म (B) बौद्ध धर्म
(C) जैन धर्म (D) इस्लाम

**113.** (B) अजन्ता के भित्तिचित्रों का मुख्य विषय गौतम बुद्ध और उनके पूर्वजन्म से सम्बन्धित है। भगवान बुद्ध के जीवन से सम्बन्धित विभिन्न घटनाओं का अंकन जिस आदर्श रूप में यहाँ के कलाकारों ने किया है, उससे यह भलीभाँति परिलक्षित होता है कि बौद्ध धर्म के अनुयायियों ने अपने धर्म के प्रचार–प्रसार में कला का माध्यम स्वीकार कर लिया था।

**114.** ''सनराइज इम्प्रेशन्स'' का चित्रकार कौन था ?
(A) क्लॉर्ड मोने (B) एडवर्ड मोने
(C) पॉल गोगा (D) विन्सेंट वान गॉग

**114.** (B) सनराइज इम्प्रेशन्स चित्र का प्रदर्शन 1874 ई. में आयोजित फ्रेंच प्रभाववादियों की प्रदर्शनी में हुआ जो प्रभाववाद की प्रथम कृति मानी गयी। पेरिस में मोने ने 1872 ई. में ऐतिहासिक कृति 'सनराइज इम्प्रेशन' बनाई जिसमें ल हार्वे का प्राकृतिक दृश्य है।

**115.** A4 कागज का वास्तविक माप क्या है ?
(A) 210 × 297 मी.मी.
(B) 297 × 420 मी.मी.
(C) 210 × 287 मी.मी.
(D) 228 × 287 मी.मी.

**115.** (A) AO कागज का आकार एक वर्ग मीटर होता है। इसके आधे भाग को A.1 चौथाई भाग को A.2 आठवें भाग को A.3 आदि क्रमानुसार विभाजित करते हैं। जो निम्न प्रकार होता है—
AO = 841 × 1189 मिलीमीटर
A1 = 594 × 841 मिलीमीटर
A2 = 420 × 594 मिलीमीटर
A3 = 297 × 420 मिलीमीटर
A4 = 210 × 297 मिलीमीटर

**116.** रेमण्ड डयुशों विलों की ''होर्स'' शीर्षक की मूर्ति किससे बनी है ?
(A) स्टील (B) कांसा
(C) ग्रेनाइट (D) मार्बल

**116.** (B) रेमण्ड डयुशों विलो की ''होर्स'' शीर्षक की मूर्ति कांसा।

**117.** किसने कहा था : मैं यह जानता हूँ कि मैं कुछ नहीं जानता ?
(A) सुकरात (B) प्लेटो
(C) अरस्तु (D) आगस्टाइन

**117.** (A) ''मैं यह जानता हूँ कि मैं कुछ नहीं जानता।'' सुकरात ने कहा है।

**118.** सिगीरिया की गुफाएँ किस देश में हैं ?
(A) भारत (B) नेपाल
(C) श्रीलंका (D) पाकिस्तान

**118.** (C) सिगीरिया की कलात्मक गुफाएँ श्रीलंका (सिंहल) से प्राप्त हुई हैं। यह स्थान सिंह गुहा के नाम से जाना जाता है। इन गुहाओं का निर्माण पाँचवीं शताब्दी में हुआ। सिगीरिया श्रीलंका के केन्द्रीय पर्वत शृंखला में अवस्थित है तथा कोलम्बो से लगभग 165 किमी. दूर है।

**119.** सवाई मान सिंह द्वारा बनाया गया ''जन्तर मन्तर'' है—
(A) जयपुर (B) पटना
(C) हैदराबाद (D) बड़ौदा

**119.** (A) सबसे पहले महाराज सवाई जयसिंह द्वितीय ने उज्जैन में सम्राट यन्त्र का निर्माण करवाया था, उसके बाद दिल्ली वाली वेधशाला (जन्तर–मन्तर) और उसके दस वर्षों बाद जयपुर में जन्तर–मन्तर का निर्माण करवाया था। जन्तर मन्तर जयपुर में स्थित है परन्तु प्रश्न गलत है। क्योंकि जन्तर–मन्तर सवाई मानसिंह ने नहीं सवाई जयसिंह ने बनवाया था। महाराजा सवाई जयसिंह द्वितीय ने हिन्दू खगोल शास्त्र के आधार पर देशभर में पाँच वेधशालाओं का निर्माण कराया था। ये वेधशालाएँ जयपुर, दिल्ली, उज्जैन, मथुरा व वाराणसी में बनवाई गईं।

**120.** फाववाद का सबसे प्रमुख चित्रकार कौन था ?
(A) सेंजा (B) पिकासो
(C) गोया (D) मातिस

**120.** (D) 1905 ई. में फाव चित्रकारों की प्रथम प्रदर्शनी सेलन द ओटम् में मातिस के चित्र वूमेन विद हैट, मेडम मातिस तथा ओपन विण्डो प्रदर्शित हुए। मेडम मातिस चित्र ग्रीन स्ट्रिप नाम से भी विख्यात है। इनमें मेडम मातिस का व्यक्ति चित्र है, जिसमें चेहरे के मध्य हरे रंग की पट्टी से विभाजन किया गया है जिसे फाव दृष्टिकोण का विख्यात चित्र माना जाता है।

**121.** विधरक ह्यूम किस राष्ट्र के थे ?
(A) इटली (B) जर्मनी
(C) ब्रिटेन (D) ग्रीक

**121.** (C) ह्यूम इंग्लैण्ड के एक विशिष्ट विचारक हैं। उन्होंने 'टेस्ट' पर अपनी लेखनी चलाते हुए लिखा है कि जो भी वस्तु हमारी रुचि के अनुकूल नहीं होती उसे हम वर्बर कह देते हैं।

**122.** पिकासो का प्रसिद्ध चित्र है—
(A) लास्ट सपर (B) गोयर्निका
(C) सन पलावर (D) बर्थ ऑफ वीनस

**122.** (B) गोयर्निका पिकासो की कला का चरमोत्कर्ष बिन्दु है और उनके सभी कलात्मक प्रयोगों का उसमें सार है। यह सोच–समझकर बनाया गया सामाजिक महत्व का चित्र है।

**123.** अप्पू प्रतीक प्रतिनिधित्व करता था—
(A) अप्पू घर का
(B) जैमिन सर्कस का
(C) ओलम्पिक खेलों का
(D) एशियाई खेलों का

**123.** (D) अप्पू प्रतीक प्रतिनिधित्व एशियाई खेलों का प्रतिनिधित्व करता है।

**124.** इनमें से कौन मूर्तिकार है ?
(A) रामकिंकर बैज (B) एम.एफ. हुसैन
(C) अनुपम सूद (D) रणवीर सिंह बिष्ट

**124.** (A) रामकिंकर बैज प्रफुल्ल, जीवनी शक्ति से भरपूर तथा विकासशील जीवन के विषयों को ही उन्होंने मूर्तिमान किया है। रामकिंकर बैज प्रधानतः मूर्तिकार थे। सीमेण्ट, प्लास्टर तथा पत्थर से उन्होंने अनेक मूर्तियाँ बनायी हैं।

**125.** एमीमेशन को सजीव बनाने के लिये कितने चित्र प्रति सेकण्ड रिकार्ड किये जाते हैं ?
(A) 26 (B) 21
(C) 28 (D) 22

**125.** (B) एमीमेशन को सजीव बनाने के लिये 21 चित्र प्रति सेकण्ड रिकार्ड किये जाते हैं।

●●

# प्रैक्टिस सेट–8

1. 'कामसूत्र' के रचयिता हैं :
   (A) वात्स्यायन (B) चरक
   (C) रामदेव (D) पाणिनी
2. तैल विधा में कार्य करने वाले प्रथम भारतीय चित्रकार हैं :
   (A) राजा रवि वर्मा
   (B) एम.एफ. हुसैन
   (C) सतीश गुजराल
   (D) रणवीर सिंह विष्ट
3. दजला फरात नदियों के दोआब में पनपी सभ्यता है :
   (A) मिकृ की (B) ग्रीक की
   (C) भारत की (D) मेसोपोटामिया की
4. 'बनी ठनी' नामक चित्र किस शैली से सम्बन्धित है ?
   (A) किशनगढ़ (B) बूँदी
   (C) कोटा (D) गढ़वाल
5. दिलवाड़ा मन्दिर किससे बना है?
   (A) ब्लैक बैसाल्ट
   (B) रैड सैन्डस्टोन
   (C) मकराना मार्बल
   (D) ग्रीन ग्रेनाइट
6. 'अभिज्ञान शाकुन्तलम्' के रचयिता हैं :
   (A) कालिदास (B) बाणभट्ट
   (C) दण्डी (D) भवभूति
7. बंगाल पुनरुत्थान युग के प्रवर्तक थे :
   (A) अमृता शेरगिल
   (B) अवनीन्द्रनाथ टैगोर
   (C) नन्दलाल बोस
   (D) यामिनी राय
8. प्रागैतिहासिक शिलाचित्रों की खोज किसने की थी?
   (A) जान कार्लायल
   (B) आर्चिवाल्ड कार्लायल
   (C) जेम्स फर्ग्युसन
   (D) सी.डब्लू. एन्डरसन
9. ग्रुप 1890 की स्थापना किसने की?
   (A) प्रदोष दास गुप्ता
   (B) धनराज भगत
   (C) बल्वीर सिंह कट्टे
   (D) जे. स्वामीनाथन
10. प्रसिद्ध टीवी प्रोग्राम आर्ट–अटैक आता है :
    (A) डिजनी पर (B) हंगामा पर
    (C) पोगो पर (D) जेटिक्स पर
11. निम्नलिखित में से कौन चित्रकार नहीं है?
    (A) जी.आर. संतोष
    (B) वी.एस. गायतोंडे
    (C) के.के. हैब्बर
    (D) भूपेन हजारिका
12. नील नदी की घाटी में पनपी सभ्यता है :
    (A) सिन्धु सभ्यता
    (B) चीनी सभ्यता
    (C) मिस्र की सभ्यता
    (D) मेसोपोटामिया की सभ्यता
13. दक्षिणी भारत का कौन–सा केन्द्र प्रागैतिहासिक चित्रों के लिए मशहूर है?
    (A) बेलारी (B) लोथल
    (C) मद्रास (D) कर्नाटक
14. ''भारत माता'' किस चित्रकार की पेन्टिंग है?
    (A) रवीन्द्रनाथ टैगोर
    (B) अवनीन्द्र नाथ टैगोर
    (C) गगनेन्द्र नाथ टैगोर
    (D) सुरेन्द्रनाथ टैगोर
15. मोनालिसा संगृहीत है :
    (A) पेरिस में (B) लन्दन में
    (C) भारत में (D) अर्जेन्टीना में
16. 'प्रीप्रेस' तकनीक का सम्बन्ध किससे है?
    (A) छापा चित्र से
    (B) मुद्रण से
    (C) ओलियोग्राफ से
    (D) मूवेबुल टाइप से
17. औन्दिलो रेदों किस वाद से जुड़े थे?
    (A) प्रभाववाद (B) उत्तर प्रभाववाद
    (C) प्रतीकवाद (D) नेत्रीय कला
18. कालीघाट के चित्र किस चित्रकार की प्रेरणा बने?
    (A) यामिनी राय
    (B) वी.एस. गायतोंडे
    (C) रवीन्द्र नाथ टैगोर
    (D) अमृता शेरगिल
19. कोणार्क का सूर्य मन्दिर किसके द्वारा बनवाया गया?
    (A) राजा चन्द्र देव
    (B) राजा विक्रम सिंह देव
    (C) राजा इन्द्रजीत सिंह देव
    (D) नरसिंह देव
20. रामचन्द्र शुक्ल की कला पर कौन-सी शैली का प्रभाव है?
    (A) बंगाल शैली (B) काशी शैली
    (C) पटना शैली (D) राजस्थान शैली
21. रंगोली मुख्य रूप से बनाई जाती है :
    (A) कैनवास पर (B) जमीन पर
    (C) कागज पर (D) दीवार पर
22. दो बिन्दुओं के मध्य की दूरी को कहते हैं :
    (A) आकार (B) संयोजन
    (C) रेखा (D) लय
23. अजन्ता के चित्र सम्बन्धित हैं :
    (A) बुद्ध से (B) शिव से
    (C) विष्णु से (D) दलाई लामा से
24. नृत्यांगना सुधा चन्द्रन की फिल्म है :
    (A) पायल की झंकार
    (B) डांस इंडिया डांस
    (C) नाचे मयूरी
    (D) आजा नच ले
25. माने के चित्र 'ओलम्पिया' में स्त्री की लेटी हुई आकृति किसकी है?
    (A) राजकुमारी
    (B) वेश्या
    (C) चित्रकार की पत्नी
    (D) सामंती औरत
26. 'पेरिस का निर्णय' का कलाकार कौन था?
    (A) रुबेन्स (B) रेम्ब्रां
    (C) डेविड (D) कूर्बे
27. 'नवप्रभाववाद' के प्रणेता कौन थे?
    (A) जार्ज सोरा (B) वान गॉफ
    (C) सेजां (D) माने
28. 'खजुराहो' प्रसिद्ध है :
    (A) मूर्तियों के लिए
    (B) मन्दिरों के लिए

(C) चित्रों के लिए

(D) झीलों व नदियों के लिए

**29.** के.बी. जेना कौन सी कला–विधा से जुड़े हैं?

(A) मूर्तिकला (B) वास्तुकला

(C) वास्तुकला (D) पॉटरी

**30.** वाश तकनीक की रेखाएँ भारतीय कलाओं से प्रेरित हैं लेकिन तकनीक :

(A) इटालियन है (B) मंगोलियन है

(C) ईरानियन है (D) चीनी–जापानी है

**31.** मुगल चित्रकला शैली का स्वर्णयुग कहा जाता है :

(A) बाबर का (B) अकबर का

(C) जहाँगीर का (D) शाहजहाँ का

**32.** हबीब तनवीर एक :

(A) नाटककार (B) संगीतकार

(C) चित्रकार (D) राजनीतिज्ञ

**33.** होमर द्वारा लिखित महाकाव्य का नाम क्या है?

(A) द जर्नी

(B) अपोलो

(C) न्यूज की कहानी

(D) इलियड

**34.** भारतीय कला का सबसे प्राचीन केन्द्र है :

(A) अजन्ता

(B) महाबलीपुरम्

(C) सिन्धु घाटी की सभ्यता

(D) खजुराहो

**35.** 'ग्वेर्निका' किस कलाकार की रचना है?

(A) सल्वाडोर डॉली

(B) पिकासो

(C) माइकल एन्जेलो

(D) गोया

**36.** काँच के रंगीन टुकड़ों की चित्रकारी किस कला में प्राप्त होती है?

(A) बाइजेन्टाइन कला

(B) आरम्भिक ईसाई कला

(C) गोथिक कला

(D) शास्त्रीय कला

**37.** गुफा मानव लोग भित्ति चित्रण के लिए किस प्रकार के रंगों का प्रयोग करते थे?

(A) खनिज रंग

(B) मिट्टी के रंग

(C) रासायनिक रंग

(D) वानस्पतिक रंग

**38.** रोड्स के द्वारा किन रंगों की दृश्यानुभूति होती है?

(A) लाल–पीला (B) हरा–काला

(C) सफेद–काला (D) नीला–पीला

**39.** कोलाज चित्र का माध्यम क्या है?

(A) भूसा (B) गोबर

(C) बुरादा (D) कागज की कतरन

**40.** किस भारतीय चित्रकार को सर्वप्रथम पद्मश्री की उपाधि से अलंकृत किया गया था?

(A) एम.एफ. हुसैन

(B) सुधीर रंजन खास्तगीर

(C) जे. स्वामीनाथन

(D) वैंकेटप्पा

**41.** रॉक गार्डेन किस शहर में स्थित है?

(A) बंगलुरू (B) जयपुर

(C) चंडीगढ़ (D) हैदराबाद

**42.** निम्नलिखित में से गरम रंग कौन-सा है?

(A) बैंगनी (B) हरा

(C) लाल (D) भूरा

**43.** निम्नलिखित में से किन रंगों को मिलाकर नारंगी रंग बनेगा?

(A) हरा एवं लाल

(B) पीला एवं नीला

(C) पीला एवं लाल

(D) लाल एवं नीला

**44.** उस्ताद मंसूर का चित्र 'मोरनी' किस संग्रहालय में है?

(A) नई दिल्ली (B) पेरिस

(C) लन्दन (D) न्यूयार्क

**45.** 'बनी–ठनी' पेंटिंग किसका प्रतिरूप है?

(A) राधा का

(B) सीता का

(C) शृंगारमग्न युवती का

(D) राजकुमारी का

**46.** गांधार शैली मुख्यतः यूनानी :

(A) चित्र शैली है

(B) मूर्ति शैली है

(C) गायन शैली है

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**47.** भारतीय कला की प्रेरणा सर्वप्रथम अमृता शेरगिल को कहाँ से मिली?

(A) अजन्ता, एलोरा चित्रों में

(B) राजा रवि वर्मा से

(C) मुगल चित्रों में

(D) बंगाल शैली चित्रों में

**48.** 'अमरत्व की कला' किस देश की प्राचीन कला को कहते हैं?

(A) रोम (B) इटली

(C) भारत (D) मिस्र

**49.** कौन–सा मुगल सम्राट चित्रकला को सबसे अच्छा समझता था?

(A) हुमायूँ (B) अकबर

(C) शाहजहाँ (D) जहाँगीर

**50.** चारमीनार कहाँ स्थित है?

(A) सिकन्दराबाद (B) मुरादाबाद

(C) हैदराबाद (D) अहमदाबाद

**51.** किस मुगल शासक ने यूरोपीय चित्रों की अनुकृतियाँ तैयार कराई?

(A) अकबर (B) जहाँगीर

(C) शाहजहाँ (D) औरंगजेब

**52.** 'अप्सरा' नामक चित्र अजन्ता की किस गुफा में है?

(A) गुफा नं. 10 (B) गुफा नं. 15

(C) गुफा नं. 17 (D) गुफा नं. 18

**53.** 'सित्तनवासल गुफा' किस धर्म का मन्दिर है?

(A) हिन्दू (B) बौद्ध

(C) जैन (D) वैष्णव

**54.** एलोरा की गुफाएँ किस राज्य में स्थित हैं?

(A) आन्ध्र प्रदेश (B) महाराष्ट्र

(C) मध्य प्रदेश (D) बिहार

**55.** 'पत्थर तोड़ने वाले' कृति के कलाकार का नाम क्या है?

(A) कुर्बे (B) दामिए

(C) सेजा (D) सल्वाडोर डॉली

**56.** राजा रवि वर्मा का जन्म किस राज्य में हुआ था?

(A) ओडिशा (B) मध्य प्रदेश

(C) केरल (D) गुजरात

**57.** पेस्टल रंगों के लिए उपयुक्त कागज क्या है?

(A) चिकना सफेद

(B) मोटा हस्त निर्मित

(C) भूरा खुरदरा

(D) टेक्सचर्ड कागज

**58.** एलोरा की प्रसिद्धि का कारण है :

(A) चित्र शैली (B) धार्मिक विषय वस्तु

(C) कैलाश मंदिर (D) नटराज की मूर्ति

**59.** प्रो. मदन लाल नागर थे :

(A) चित्रकार (B) मूर्तिकार

(C) लेखक (D) ग्राफिक कलाकार

**60.** किस कलाकार ने 'मैरिज एला मोड' शृंखला चित्रित की?

(A) गेन्सबरो

(B) विलियम होगार्थ

(C) प्रैफन्कायज बोखर

(D) ताईपोलो

**61.** 'भारत भवन' किस शहर में है?

(A) जयपुर (B) इन्दौर

(C) भोपाल (D) वाराणसी

62. सूर्यमुखी का चित्र किसने बनाया था?
(A) सेर्जा (B) वॉन गॉग
(C) मीरो (D) जेरीक्रा

63. ललित कलाएँ कितनी हैं?
(A) 6 (B) 8
(C) 5 (D) 64

64. 'पटुआ चित्र' कहाँ से सम्बन्धित है?
(A) मधुबनी (B) कोटा
(C) कालीघाट (D) लालघाट

65. 'रज्मनामा' किस हिन्दू ग्रन्थ का सचित्र अनुवाद है?
(A) रामायण (B) महाभारत
(C) गीत गोविन्द (D) भगवद्गीता

66. मोटी एवं नटी मानव आकृति किस शैली की है?
(A) किशनगढ़ (B) मेवाड़
(C) अजन्ता (D) बूँदी

67. महात्मा बुद्ध के पूर्व जन्मों की काल्पनिक कथाएँ किससे सम्बन्धित हैं?
(A) पंचतंत्र (B) जातक कथाएँ
(C) हितोपदेश (D) इनमें से कोई नहीं

68. पद्मश्री श्री कृपाल सिंह शेखावत किस शहर से थे?
(A) लखनऊ (B) जयपुर
(C) दिल्ली (D) मुम्बई

69. अंजली इला मेनन का जन्म स्थान है :
(A) लखनऊ
(B) दिल्ली
(C) पश्चिम बंगाल
(D) महाराष्ट्र

70. बाघ की गुफाएँ स्थित हैं :
(A) उत्तर प्रदेश में (B) राजस्थान में
(C) मध्य प्रदेश में (D) उत्तराखण्ड में

71. उदयगिरि की गुफाएँ किस धर्म से सम्बन्धित कला को दर्शाती हैं?
(A) बौद्ध धर्म (B) जैन धर्म
(C) हिन्दू धर्म (D) ईसाई धर्म

72. आधुनिक भारतीय चित्रकारों में कौन लोक कला से प्रभावित कलाकार है?
(A) नन्दलाल बसु (B) यामिनी राय
(C) कानु देसाई (D) मुकुल दे

73. प्रख्यात चित्र वीनस को किसने चित्रित किया?
(A) वोत्तिचेली (B) रेफैल
(C) रूबेन्स (D) वान डेर वाइडन

74. चित्रकार एम.एफ. हुसैन की किन आकृतियों को उनकी पहचान के साथ जोड़ा जाता है?
(A) गायों को (B) घोड़े को
(C) घड़ियालों को (D) बकरियों को

75. 'द बर्थ ऑफ वीनस' का चित्रकार कौन है?
(A) रैफेल
(B) लियोनार्डो–द–विंसी
(C) वोत्तिचेली
(D) टर्नर

76. 'द मार्निंग बाथ' का चित्रकार था :
(A) सुजूकी (B) डेगा
(C) रेनुआ (D) पॉल सेजां

77. 'प्राइमावेरा' क्या है?
(A) एक मूर्ति (B) एक चित्र
(C) एक उपन्यास (D) एक भवन

78. 'बैले रिहर्सल' किस चित्रकार ने चित्रित किया है?
(A) पिसारो (B) एडवर्ड माने
(C) कोर्वे (D) डेगा

79. निम्न में से कौन सल्वाडोर डॉली का है?
(A) द परसिस्टेन्स ऑफ मेमोरी
(B) स्टैंडिंग वूमेन
(C) इंको ऑफ स्क्रीम
(D) सुप्रीमेटिस्ट कम्पोजीशन

80. राजा रवि वर्मा किस कला के लिए प्रसिद्ध हैं?
(A) मूर्तिकला (B) नाट्यकला
(C) चित्रकला (D) नृत्यकला

81. 'राग दीपक' चित्र किस शैली का है?
(A) मेवाड़ शैली
(B) बसोहली शैली
(C) किशनगढ़ शैली
(D) बूँदी शैली

82. 'गीतांजली' के रचयिता हैं :
(A) दिनकर (B) रवीन्द्र नाथ टैगोर
(C) राजेन्द्र नाथ (D) कैलाश वाजपेयी

83. निम्नलिखित भारतीय कलाकारों में बिन्दुवादी कलाकार कौन हैं?
(A) के.के. हेब्बर (B) डॉ. राम कंवर
(C) तैयब मेहता (D) एन.एस. बेन्द्रे

84. वसारी कौन थे?
(A) वास्तुकार (B) इतिहासकार
(C) चित्रकार (D) मूर्तिकार

85. निम्न में से कौन यूरोपीय कला का भू–दृश्य चित्रण कलाकार है?
(A) मोने (B) कान्सटेबल
(C) टिशियन (D) पिसानो

86. रंगीन काँच की खिड़कियों का प्रयोग किस कला में हुआ?
(A) मिकृ की कला
(B) जर्मन कला
(C) ईसाई कला
(D) यहूदी कला

87. निम्नलिखित में मूर्तिकार कौन है?
(A) हुसैन
(B) रजा
(C) आरा
(D) देवी प्रसाद राय चौधरी

88. लोककला पर कौन-सी शैली आधारित है?
(A) मुगल (B) किशनगढ़
(C) कोटा (D) बसौली

89. प्राचीन नालन्दा विश्वविद्यालय किस राज्य में स्थित है?
(A) गुजरात (B) पश्चिम बंगाल
(C) उत्तर प्रदेश (D) बिहार

90. काँगड़ा चित्रशैली किस राज्य के समय विकसित हुई?
(A) राजा गोवर्धन
(B) राजा संसारचन्द्र
(C) राजा सावन्त सिंह
(D) राजा हरि सिंह

91. प्रथम धातु निर्मित नर्तकी की मूर्ति है :
(A) हड़प्पा (B) मोहनजोदड़ो
(C) बिलारी (D) रायगढ़

92. किस नगर को गुलाबी नगर कहते हैं?
(A) जयपुर (B) दिल्ली
(C) लखनऊ (D) बनारस

93. प्रसिद्ध चित्र 'जमीन' का कलाकार है :
(A) असित कुमार हलदर
(B) असद अली
(C) एम.एफ. हुसैन
(D) के.सी.एस. पन्नीकर

94. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए :
(a) भारतीय कला (i) के.जी. सुब्रह्मण्यम
(b) बागेश्वरी शिल्प प्रबन्धावलि (ii) वी.एस.अग्रवाल
(c) मूविंग फोकस (iii) नैविले तुली
(d) फ्लेम्ड मोजाइक (iv) अवनीन्द्रनाथ टैगोर

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (B) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (C) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (D) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |

95. भारतीय कला का स्वर्ण युग है :
(A) प्रागैतिहासिक युग
(B) गुप्त युग

(C) मुगल युग
(D) आधुनिक युग

96. चित्रकला का प्राचीन नाम क्या था ?
(A) रूप-भेद (B) शिल्प
(C) आलेख (D) रचनात्मकला

97. संसार की सबसे पुरानी लिपि है :
(A) ब्राह्मी लिपि (B) कुटिल लिपि
(C) शारदा लिपि (D) देवनागरी लिपि

98. गेरू है :
(A) पेस्टल (B) भूमिज रंग
(C) जल रंग (D) इनमें से कोई नहीं

99. बनी-ठनी कौन-सी चित्रकला स्कूल से संबंधित है ?
(A) मेवाड़ चित्रकला (B) जयपुर स्कूल
(C) किशनगढ़ स्कूल (D) बीकानेर स्कूल

100. फड़ चित्रण किस प्रदेश में होता है ?
(A) राजस्थान (B) उत्तर प्रदेश
(C) मध्य प्रदेश (D) बिहार

101. क्षितीन्द्रनाथ मजूमदार द्वारा चित्रित चित्र का शीर्षक है :
(A) तीन बहनें (B) चैतन्य और मोर
(C) यूनियन (D) अभिसारिका

102. बंगाल स्कूल के चित्रकार हैं :
(A) रामकुमार (B) नंदलाल बोस
(C) अमृता शेरगिल (D) शांति दवे

103. अवनीन्द्रनाथ टैगोर कौन थे ?
(A) बंगाली कवि
(B) कला समीक्षक
(C) प्रसिद्ध पारंपरिक कलाकार
(D) भारतीय चित्रकला के पिता

104. के. एस. कुलकर्णी का सम्बन्ध किस स्थान से रहा ?
(A) बनारस (B) इलाहाबाद
(C) लखनऊ (D) कानपुर

105. उस कलाकार का नाम बताइये जिसने ''ब्लू'' सीरीज की रचना की।
(A) असद अली
(B) रणवीर सिंह विष्ट
(C) नित्यानन्द महापात्र
(D) बद्रीनाथ आर्य

106. कला एवं शिल्प महाविद्यालय, लखनऊ के प्रथम प्राचार्य कौन थे ?
(A) नन्दलाल बोस
(B) के. मजूमदार
(C) असित कुमार हल्दर
(D) अवनीन्द्रनाथ टैगोर

107. ललिता कट्ट का सम्बन्ध है :
(A) चित्रकला से (B) ग्राफिक कला से
(C) मूर्तिकला से (D) स्थापत्यकला से

108. इनमें से कोई एक दृश्य कला द्विआयामी है।
(A) चित्र (B) मूर्ति
(C) अधिष्ठापन (D) बर्तन

109. कान पर पट्टी बाँधे स्वयं का शबीह–चित्र किसने चित्रित किया ?
(A) पिकासो (B) सेजाँ
(C) पॉल गोगिन (D) वॉन गॉग

110. लियोनार्डो द विन्सी अपनी किस कृति के लिए प्रसिद्ध है ?
(A) ईसा का अन्तिम भोज (लास्ट सपर)
(B) शैलखण्डों की कुमारी (वर्जिन ऑफ दि रॉक)
(C) लीडा और हंस (लीडा एण्ड स्वान)
(D) मोनालिसा

111. इंप्रेशन 'सनराइज' का चित्रण किसने किया ?
(A) ऑगस्ट रेनॉआ (B) क्लाउडे मोने
(C) पिस्सारो (D) डेगा

112. बाघ गुफा चित्रों पर किस शैली का प्रभाव है?
(A) मुगल शैली (B) अपभ्रंश शैली
(C) अजन्ता शैली (D) राजपूत शैली

113. **अभिकथन (A) :** लियो ऑफसेट प्रिंटिंग इंडायरेक्ट प्रिंटिंग है।
**कारण (R) :** लियो ऑफसेट प्रिंटिंग अभी भी दृश्यकला में अभिव्यंजना का माध्यम है।
**कूट:**
(A) (A) गलत है, (R) सही है।
(B) (A) तथा (R) दोनों सही हैं।
(C) (A) सही है, (R) गलत है।
(D) (A) तथा (R) दोनों गलत हैं।

114. **अभिकथन (A) :** पहाड़ी लघु चित्र गीतगोविंद, बिहारी सतसई तथा भागवत पुराण में वर्णित प्रेम और धर्म के प्रकरणों पर आधारित है।
**कारण (R) :** क्योंकि पहाड़ी समाज तथा संरक्षक दोनों धार्मिक प्रवृत्ति के थे।
**कूट:**
(A) (A) गलत है, (R) सही है।
(B) (A) तथा (R) दोनों सही हैं।
(C) (A) सही है, (R) गलत है।
(D) (A) तथा (R) दोनों गलत हैं।

115. **अभिकथन (A) :** वाश पेंटिंग में रंग सदैव कोमल और सूक्ष्म होते हैं।
**कारण (R) :** क्योंकि पानी के द्वारा घुलने से अतिरिक्त ठोस रंग निकल जाते हैं तथा केवल रंगों की पारदर्शी आभा सतह पर बच जाती है।
**कूट:**
(A) (A) गलत है, (R) सही है।
(B) (A) तथा (R) दोनों सही हैं।
(C) (A) सही है, (R) गलत है।
(D) (A) तथा (R) दोनों गलत हैं।

116. चित्रों के सृजन को कालक्रमानुसार चुनिए :
(A) बोधिसत्व, सगमाला, प्रस्तर चित्र, संयोजन–II
(B) सगमाला, प्रस्तर चित्र, बोधिसत्व, संयोजन–II
(C) संयोजन–II, सगमाला, प्रस्तर चित्र, बोधिसत्व
(D) प्रस्तर चित्र, बोधिसत्व, सगमाला, संयोजन–II

117. 3डी एनिमेशन के चरणों का सही क्रम कौन-सा है ?
(A) मॉडलिंग, रिगिंग, टेक्सचर, रेंडरिंग
(B) टेक्सचर, रिगिंग, मॉडलिंग, रेंडरिंग
(C) मॉडलिंग, टेक्सचर, रिगिंग, रेंडरिंग
(D) रिगिंग, रेंडरिंग, मॉडलिंग, टेक्सचर

118. शिव विवाह से सम्बन्धित दृश्य का गुफा चित्र किस गुफा से प्राप्त हुआ है?
(A) अजन्ता गुफा
(B) एलोरा गुफा
(C) सित्तनवासल गुफा
(D) बादामी गुफा

119. **अभिकथन (A) :** अजन्ता की चित्रकला में बुद्ध और बोधिसत्वों का अंकन है।
**कारण (R) :** क्योंकि इन्हें बौद्ध चित्रकारों ने चित्रित किया था।
**कूट:**
(A) A तथा R दोनों सही हैं
(B) A तथा R दोनों गलत हैं
(C) A सही है तथा R गलत है
(D) A गलत है तथा R सही है

120. **अभिकथन (A) :** कांगड़ा की लघु चित्रकला अत्यधिक निश्छल तथा प्रशान्त होने के कारण प्रसिद्ध है।
**कारण (R) :** क्योंकि यह भारतीय काव्यात्मक रूपकों तथा मुगल लघुचित्रों की सुव्यक्तता पर आधारित है।

**कूट :**

(A) (A) तथा (R) दोनों सही हैं

(B) (A) सही है तथा (R) गलत है

(C) (A) गलत है तथा (R) सही है

(D) (A) गलत है तथा (R) भी गलत है

**121.** कालक्रमानुसार सही अनुक्रम चुनिए :

(A) जैक्सन पोलक, दुशां, सेजां, कूर्बे

(B) कूर्बे, दुशां, सेजां, जैक्सन पोलक

(C) कुर्बे, सेजां, दुशां, जैक्सन पोलक

(D) सेजां, कूर्बे, दुशां, जैक्सन पोलक

**122.** उत्तर से दक्षिण की ओर के भौगोलिक क्रम में निम्नलिखित में से कौन-सा सही क्रम है?

(A) मार्तण्ड सूर्य मंदिर, स्वर्ण मंदिर, कुतुबमीनार, मीनाक्षी मंदिर

(B) स्वर्ण मंदिर, कुतुबमीनार, मार्तण्ड सूर्य मंदिर, मीनाक्षी मंदिर

(C) कुतुबमीनार, स्वर्ण मंदिर मार्तण्ड सूर्य मंदिर, मीनाक्षी मंदिर

(D) मार्तण्ड सूर्य मंदिर, कुतुबमीनार, मीनाक्षी मंदिर, स्वर्ण मंदिर

**123.** इन्द्रधनुष के रंगों का सही क्रम पहचानिए।

(A) नीला, आसमानी, बैंगनी, हरा

(B) आसमानी, नीला, हरा, बैंगनी

(C) हरा, बैगनी, आसमानी, नीला

(D) बैंगनी, आसमानी, नीला, हरा

**124.** विष्णु के अवतारों की दशावतार की संकल्पना का सही अनुक्रम पहचानिए :

(A) वराह, नृसिंह, मत्स्य, कूर्म

(B) कूर्म, वराह, नृसिंह, मस्त्य

(C) मत्स्य, कूर्म, वराह, नृसिंह

(D) मत्स्य, कूर्म, नृसिंह, वराह

**125.** नयी फिल्म 'अवतार' के निर्देशक कौन हैं?

(A) जेम्स कैमरून (B) स्टीफन स्पिलबर्ग

(C) मीरा नायर (D) करन जौहर

## उत्तर व्याख्या सहित

**1.** (A) 'कामसूत्र' की रचना वात्स्यायन ने की थी। इसका रचनाकाल अनुमानतः 600 ई.पू. बताया जाता है। ''कामसूत्र'' एक प्रकार से समस्त कलाओं का एक विश्व कोषात्मक ग्रन्थ है। अब तक उपलब्ध सामग्री के आधार पर कलाओं का वर्णन सर्वप्रथम कामसूत्र में ही क्रमबद्ध रूप में मिलता है। इन्होंने 64 कलाओं का वर्णन करते हुए नागर जीवन की समृद्धि में उनके योगदान पर प्रकाश डाला है।

**2.** (A) आज अनेक विद्वानों के मतानुसार राजा रवि वर्मा की कला अप्रासंगिक मानी जाती है, किन्तु आपकी कला का मूल्यांकन तत्कालीन युग के परिप्रेक्ष्य में करें तो आप भारतीय कला क्षेत्र में तैल माध्यम के अग्रदूत के रूप में दृष्टिगत होते हैं।

**3.** (D) मेसोपोटामिया शब्द का अभिप्राय है दो नदियों के बीच का प्रदेश। उत्तर–पूर्व में दजला (Tigis) तथा दक्षिण–पश्चिम में फरात नामक समानान्तर बहने वाली नदियों के बीच की यह उर्वर घाटी, नील नदी के समतल किनारों के समान ही मानव के आकर्षण की केन्द्र थी। फरात नदी का प्रवाह धीमा था तथा इसके किनारे दजला नदी की अपेक्षा कम कटे–फटे या आड़े-तिरछे थे। इस कारण मेसोपोटामिया के सभी प्रसिद्ध नगर इसके तट पर बसे।

**4.** (A) शेखावत के शब्दों में, ''आकर्षण विस्फारित नेत्र आगे निकली हुई इकहरी चिबुक वाली किशनगढ़ शैली की बनी–ठनी, लियोनार्डो दा विंसी कृत मोनालिसा के समकक्ष है जिसे विश्व का सर्वोत्कृष्ट चित्र माना गया है।''

**5.** (C) माउंट आबू राजस्थान के मानचित्र में दिलवाड़ा के जैन मन्दिर के कारण बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान रखता है। आज यह मंदिर समूह संगमरमर (मकराना मार्बल) शिल्प की अनूठी योजना के कारण विश्व में विख्यात है।

**6.** (A) संस्कृत के सबसे उल्लेखनीय रचनाकार कालिदास हैं जो कवि और नाटककार दोनों दृष्टियों से अद्वितीय हैं। कालिदास के काव्यग्रंथ हैं–ऋतुसंहार, मेघदूत, कुमार सम्भव तथा रघुवंश। साहित्य और नाट्य दोनों की दृष्टि से चरम उपलब्धि 'अभिज्ञान शाकुन्तलम्' है।

**7.** (B) अवनीन्द्रनाथ भारतीय एवं यूरोपीय कला के एक ऐसे संगम थे जिन्होंने भारतीय कला को एक नवीन मार्ग प्रदान किया। रवीन्द्रनाथ टैगोर के शब्दों में, 'उन्होंने देश को आत्महीनता के पाप से बचाया है और उसे निराशा के गर्त से निकालकर वह सम्मान पूर्ण पद प्राप्त करवाया है जो अधिकार से उसका था। भारत की कलात्मक चेतना के उत्थान से देश में एक नये युग का आरंभ हो रहा है। इस प्रकार अवनीन्द्र के प्रयास से बंगाल को देश में एक गौरवपूर्ण सम्मान प्राप्त हो रहा है।

**8.** (B) भारत में प्रागैतिहासिक काल की चित्रकला की खोज सर्वप्रथम अंग्रेजों ने की। जो यहाँ शासन करने के उद्देश्य से आये थे। इनका श्रेय आर्चिबाल्ड कार्लायल तथा जान कॉकबर्न को दिया जा सकता है।

**9.** (D) 1962 ई. में दिल्ली व मुम्बई के कुछ कलाकारों की एक बैठक भावनगर में हुई जहाँ 'जे. स्वामीनाथन' के सुझाव से ग्रुप 1890 की स्थापना हुई।

**10.** (A) यह कार्यक्रम डिज्नी चैनल पर 12 अक्टूबर, 2010 से प्रारम्भ हुआ है।

**11.** (D) भूपेन हजारिका असमिया गायक हैं। इनका जन्म 8 सितम्बर, 1926 शदिया (असम) में हुआ था। इनके पिता नीलकान्त हजारिका और माता शांतिप्रिया थीं।

**12.** (C) मिस्र अफ्रीका महाद्वीप के उत्तर–पश्चिम में नील नदी द्वारा सिंचित एक छोटा-सा देश है। यह उत्तर में भूमध्यसागर, पश्चिम में लीबियन रेगिस्तान, पूर्व में लाल सागर और दक्षिण में नील नदी के महाप्रपातों से घिरा है।

**13.** (A) दक्षिण भारत में बेलारी स्थान की गुफाओं में प्रागैतिहासिक चित्र प्राप्त होते हैं। यहाँ शिकार का दृश्य तथा जादू के विश्वास के अनेक चिह्न अंकित हैं।

**14.** (B) अवनीन्द्र नाथ ने अन्य कलाकारों के साथ अजन्ता, बाघ, एलोरा, आदि की यात्रा की और अजन्ता के उत्कृष्ट चित्रों की अनुकृतियाँ भी बनाईं। सन् 1905 ई. में बंगाल विभाजन के विरुद्ध हुये आन्दोलन से प्रेरित होकर ''भारत माता'' शीर्षक के एक अद्भुत चित्र को चित्रित किया।

**15.** (A) लियोनार्डो द विंसी की सर्वोत्कृष्ट कृति 'मोनालिसा' पेरिस के लुव्र संग्रहालय में संगृहीत है। 1500–1504 ई. के मध्य निर्मित यह चित्र विश्व की महानतम कृतियों में से एक है।

**16.** (B) प्रीप्रेस तकनीक का प्रयोग मुद्रण और प्रकाशन के लिए किया जाता है। प्रीप्रेस प्लेट का निर्माण मुद्रण में आगे पढ़ने की प्रक्रिया के लिए किया जाता है।

**17.** (C) 'प्रतीकवादी' चित्रकला के आधारभूत तत्व थे–कल्पना, संश्लेषण, प्रतीकात्मकता, आत्मनिष्ठा व आलंकारित्व। उसके प्रमुख दार्शनिक व प्रचारक थे–पौल सेरूसिय एवं कट्टर चित्रकार थे 'रेदों'।

**18.** (A) जिस समय बंगाल में हर कलाकार टैगोर के नक्शे कदम पर चलने में गौरव का अनुभव करता था, उस समय टैगोर कलम की चमक से बेजार हुए बगैर अपनी स्वतन्त्र मेधा के बल पर चित्रकला का एक नया आयाम प्रस्तुत किया। यामिनी राय जैसे

लोक कलाकार ने। लोक कलाकार के रूप में वे इस कारण प्रसिद्ध हुए, उन्होंने बंगाल की अल्पना, खिलौनों तथा पटुआ व कालीघाट रेखांकन से प्रेरणा ग्रहण की थी।

**19.** (D) गंगराज नरेश 'नरसिंह देव प्रथम' ने कोणार्क के सूर्य मन्दिर का निर्माण कराया था। इस मन्दिर के निर्माण में लगभग 1200 कारीगरों की सहायता ली गई थी।

**20.** (A) रामचन्द्र शुक्ल का जन्म 1925 ई. में उत्तर प्रदेश में हुआ था। इन्होंने बंगाल शैली में चित्रण करने की विधि सीखी। बाद में बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में चित्रकारी विभाग के शिक्षक नियुक्त हुए।

**21.** (B) भारत में भिन्न प्रान्तों में लोक कला के अन्तर्गत भिन्न नामों से जमीन पर रंग चूर्णों से धार्मिक भावना से अलंकारिक आकृतियाँ चित्रित की जाती हैं। इन्हें बंगाल में अल्पना, महाराष्ट्र में रंगोली, राजस्थान में माण्डणा, गुजरात में साथिया, उत्तर प्रदेश में चौक पूरना, बिहार में अहपन व गढ़वाल में आपना कहते हैं।

**22.** (C) रेखा दो बिन्दुओं या दो सीमाओं के बीच की दूरी है, जो बहुत सूक्ष्म होती है और गति का दिशा निर्देश करती है।

**23.** (A) अलंकारिक, आलेखनों को छोड़कर अजन्ता के अधिकांश चित्रों का विषय बौद्ध–धर्म से सम्बन्धित है। इन चित्रों में बुद्ध के विभिन्न चित्र और पवित्र धर्म-चिह्न सम्मिलित हैं। साथ ही बुद्ध की जन्म-जन्मान्तर की जीवन कथायें तथा जातक कथायें इन गुफाओं की चित्रकारी का प्रधान विषय हैं।

**24.** (C) 'नाचे मयूरी' फिल्म नृत्यांगना सुधा चन्द्रन के जीवन पर आधारित फिल्म है जिसमें सुधा चन्द्रन ने प्रमुख भूमिका निभाई है।

**25.** (B) माने के चित्र में नाम देवी का होते हुए भी नग्न युवती को एक बाजारू तथा कामुक वातावरण के साथ पूरी यथार्थता के साथ चित्रित किया गया है।

**26.** (A) रुबेन्स की कला की सभी विशेषताओं का उत्कर्ष 'पेरिस का निर्णय' जैसे चित्रों में देखने को मिलता है।

**27.** (A) प्रभाववाद की त्रुटियों को देखकर जिन चित्रकारों ने नयी दिशा में प्रयोग किये उनमें जार्ज सोरा थे और उन्होंने जिस शैली को जन्म दिया वह 'नवप्रभाववाद' नाम से प्रसिद्ध हुई।

**28.** (B) खजुराहो में चन्देल शासकों के शासनकाल में मन्दिरों का निर्माण हुआ जो लगभग एक किमी. के क्षेत्र में फैले हुए हैं। परम्परा के अनुसार यहाँ पर लगभग 85 मन्दिर थे, किन्तु इनमें से अब केवल 25–30 मन्दिर शेष बचे हैं। वैष्णव, शैव तथा जैन धर्मों से ये मन्दिर सम्बन्धित हैं।

**29.** (D) कालिंदी बेदन जेना (K.B. Jena) एक प्रसिद्ध पॉटरी कलाकार थे। इनको मिट्टी के पात्रों में डिजाइन बनाने के लिए प्रसिद्ध माना जाता है। इनकी मृत्यु 26 जून, 2009 को हो गई। के.बी. जेना को भारत का एक प्रसिद्ध पॉटरी कलाकार माना जाता है, जिन्होंने उत्तर प्रदेश को अपना कार्य क्षेत्र बनाया।

**30.** (D) बंगाल स्कूल के कलाकारों की कृतियों में विदेशी कला–प्रभाव के रूप में जापानी 'वाश पद्धति' के अतिरिक्त पाश्चात्य शैली का यथार्थ रेखांकन और चीनी आलेखन का निश्चित रूप से सम्मिश्रण है।

**31.** (C) जहाँगीर के काल में चित्रकला अपने चर्मोत्कर्ष पर पहुँच गयी थी और उसके राज्यकाल को मुगल चित्रकला का स्वर्ण युग मानते हैं।

**32.** (A) हबीब तनवीर उर्दू व हिन्दी के प्रसिद्ध नाटककार थे। इनका जन्म 1923 ई. में व मृत्यु 2009 जून में हुई थी।

**33.** (D) होमर द्वारा लिखित महाकाव्य इलियड व ओडिसी जो माइसीनियम काल के टोजन युद्ध से सम्बन्धित है जो यूनान के प्रसिद्ध ग्रन्थ माने जाते हैं।

**34.** (C) सिन्धु घाटी सभ्यता की कलात्मक सामग्री हमें उन वस्तुओं के रूप में उपलब्ध है जो मोहनजोदड़ो, हड़प्पा, लोथल, नाल, झूकर, चन्हुदड़ो आदि स्थानों में खुदाई से प्राप्त हुई है। इन स्थानों में चित्रकला, मूर्तिकला और स्थापत्य के जो अवशेष मिले हैं उनसे उस युग की महान कला का परिचय मिलता है।

**35.** (B) पिकासो ने इतने अधिक चित्र बनाए हैं–इतनी तरह के चित्र बनाए हैं कि उनकी 'जीनियस' के सामने आत्मसमर्पण की इच्छा जरूर होती होगी। इन असंख्य चित्रों में याद रखने लायक और ऐतिहासिक चित्र भी बहुत ज्यादा हैं, बल्कि 'ग्वेर्निका' जैसे चित्रों ने पूरी दुनिया को कलाकार की अद्भुत शक्ति से परिचित कराया है।

**36.** (A) मणिकुट्टम चित्र परम्परा रोमन काल में भी प्रचलित थी जिसमें रंगीन संगमरमर के टुकड़ों का प्रयोग किया जाता था, किन्तु बाइजेन्टाइन कलाकारों ने अपनी रुचि के अनुसार रंगीन शीशों के टुकड़ों का भी प्रयोग किया।

**37.** (B) आदिमानव चित्रांकन के लिए कई तरह के रंगों का उपयोग करता था। अधिकतर रंग गेरू से बनाये जाते थे, जिनकी अलग–अलग रंगतें होती थीं। खड़िया मिट्टी और कई तरह की रंगीन मिट्टी का उपयोग वे चित्र बनाने के लिए करते थे।

**38.** (C) किसी वस्तु के द्वारा विकीर्ण होकर जब प्रकाश आँखों में प्रवेश करता है वो रेटिना पर जाकर केन्द्रित हो जाता है। रेटिना के पार्श्व में रोड्स तथा कोन्स सूक्ष्म तन्तु ग्रन्थियाँ होती हैं जो चेतन हो जाती हैं। इन तन्तु ग्रन्थियों का सम्बन्ध मानव की दृश्य चेतना से होता है। इसी से रंग की अनुभूति होती है। रोड्स के चेतन होने से काले व सफेद रंगों की दृश्यानुभूति होती है।

**39.** (D) कोलाज कोई चित्र माध्यम नहीं वरन् चित्र बनाने का एक प्रकार है जिसमें कागज के टुकड़े या कपड़े को काटकर आलेखन किया जाता है।

**40.** (B) चारों चित्रकारों में से सुधीर रंजन खास्तगीर को सर्वप्रथम पद्मश्री से 1950 में अलंकृत किया गया।

**41.** (C) समकालीन कला में पूर्णतः व्यक्तिगत भावाभिव्यंजना के रूप में इन्स्टालेशन कला की विशिष्ट व भिन्न परम्परा है। भारत में यह कला 1990 ई. में नेकचन्द्र द्वारा चण्डीगढ़ में व्यर्थ व नष्ट करने योग्य पदार्थों द्वारा रॉक गार्डेन के निर्माण के साथ प्रस्तुत हुई।

**42.** (C) लाल रंग से वीरता, साहस, शृंगारिक, तीव्र और कामुक भावनाओं का अभिव्यक्तिकरण सम्भव हो जाता है और यह गर्म श्रेणी का रंग है।

**43.** (C) दो मुख्य वर्णों के सम्मिश्रण से द्वितीयक रंगों को प्राप्त किया जा सकता है। उदाहरणार्थ–लाल+पीला = नारंगी, पीला + नीला = हरा, लाल + नीला = बैंगनी।

**44.** (B) मंसूर निर्मित तुर्की तीतर का एक चित्र इण्डियन म्यूजियम कलकत्ता में संगृहीत है। एक मोरनी का सजीव एवं सुन्दर चित्र जो इसी कलाकार द्वारा निर्मित है, पेरिस के संग्रहालय में दिखाई पड़ता है।

**45.** (A) बनी–ठनी किशनगढ़ की चित्रकला और नागरीदास के काव्य दोनों में ही, राधा के सौन्दर्य वर्णन का आधार रही।

**46.** (B) गांधार शैली के मूर्ति निर्माताओं की प्रेरणा या आदर्श यूनानी देवता अपोलो थे। गांधार शैली की बुद्ध और बोधिसत्वों की मूर्तियों में यूनानी आदर्श बहुत स्पष्ट है।

**47.** (A) 1935 में अमृता शेरगिल ने मुंबई होते हुए दक्षिण की यात्रा की जो उनके कला–जीवन के विकास में बहुत महत्वपूर्ण साबित हुई।

राजपूत और बसोहली के लघु चित्रों से अमृता का एक नया और गहरा सम्बन्ध बना। इस यात्रा ने अजन्ता, एलोरा तथा दक्षिण के जनजीवन और कला से अमृता का आँख खोल देने वाला परिचय कराया।

**48.** (D) मिस्रवासी मृत्यु को जीवन का अन्त न मानकर एक घटना विशेष मानते थे। उन्होंने पारलौकिक जीवन की कल्पना बहुत कुछ अपने ऐहिक जीवन के अनुरूप की। उनका विश्वास था कि प्रत्येक मनुष्य का एक शक्ति विशेष–''का'' (ka) होती है, जो जन्म के समय उसके साथ आती है, जीवनभर उसके साथ रहती है और मृत्योपरांत भी ईश्वरीय न्याय के दिन तक मकबरे में रहती है।

**49.** (D) जहाँगीर काल के प्रत्येक चित्र के पार्श्व में कलाकार की उच्च रुचि एवं पारखी दृष्टि अपना महत्व सिद्ध करती है। इसी सन्दर्भ में रायकृष्ण दास का प्रस्तुत वक्तव्य वास्तव में बहुत ठीक है, ''वह बड़ा ही सहृदय, सुरुचि सम्पन्न पहले दर्जे का चित्र प्रेमी, प्रकृति–सौन्दर्य उपासक, वृक्ष–खगमृग विज्ञानी, संग्रहकर्ता, विशद् वर्णनकार और सबसे अधिक पक्का जिज्ञासु और प्रज्ञावादी था।''

**50.** (C) सुल्तान मुहम्मद कुली कुतुबशाह ने 1591 में गोलकुण्डा, जो अब हैदराबाद के नाम से जाना जाता है, में चारमीनार का निर्माण करवाया था।

**51.** (B) जहाँगीर काल में यूरोप के चित्र बड़ी मात्रा में यहाँ आने लगे थे। यही नहीं बादशाह उनकी कद्र एवं संग्रह भी करता था। कभी–कभी वह उनकी प्रतिलिपि भी तैयार करवाता था और कभी उन्हीं विषयों पर स्वतन्त्र चित्र भी बनवाता था।

**52.** (C) सत्रहवीं गुफा के मुख्य द्वार के दाहिनी ओर हवा में उड़ती अप्सरा का अंकन बड़ा ही लुभावना है और यह चित्र चित्रकला की ऊँचाई को स्पर्श करने में सक्षम हुआ है।

**53.** (C) सित्तनवासल गुफा जैन मन्दिर है। यह मन्दिर चट्टान को काटकर बनाया गया है। पहले यह गुफा मन्दिर पूर्णतया चित्रों से अलंकृत था, परन्तु अब चित्र केवल छत तथा स्तम्भों के ऊपरी भागों में शेष रह गये हैं।

**54.** (B) अजन्ता से लगभग 97 किमी. दूर एलोरा गाँव स्थित है। प्राचीन समय में इसका नाम ऐलापुर था जो प्रमुख मार्ग पर स्थित व्यापारिक केन्द्र था। यह स्थान महाराष्ट्र राज्य के औरंगाबाद से 30 किमी. दूर है।

**55.** (A) कुर्बे ने अपने चित्रों के लिए अकसर उन लोगों तथा वस्तुओं को चुना जिन्हें समाज में कोई महत्व नहीं प्राप्त था। उसके महत्वपूर्ण चित्रों में 'पत्थर तोड़ने वाले' (Stone Breakers), चित्रकार का कार्यकक्ष, सेन नदी के किनारे युवतियाँ, संगतराश दोपहर का आराम, पाइपवाला आदमी आदि।

**56.** (C) 29 अप्रैल, 1848 को केरल के एक गाँव किलीमान्नूर में जन्मे रवि वर्मा ऐसे राज परिवार से सम्बद्ध थे जिसके त्रावणकोर राजघराने से निकट के सम्बन्ध थे। उनकी शिक्षा–दीक्षा त्रिवेन्द्रम के राज कलाकार, तंजौर शैली के सुप्रसिद्ध चित्रकार अलाग्री नायडू के निर्देशन में हुई।

**57.** (C) पेस्टल रंगों के हेतु कड़े तथा खुरदुरे धरातल अच्छे रहते हैं। प्रायः विभिन्न धूमिल रंगतों की चित्रभूमि पर पेस्टल रंगों से चित्रण किया जाता है।

**58.** (C) एलोरा की सोलहवीं गुफा कैलाश मंदिर के नाम से विश्वविख्यात है। यह भारतीय शिल्पकारों एवं चित्रकारों की सर्वश्रेष्ठ देन है। वस्तुतः पाषाणोत्कीर्ण स्थापत्य कला में निर्मित यह शैल मन्दिर सर्वाधिक विलक्षण, मनोरम और उत्कृष्ट है।.........दृढ़ एवं कठोर पत्थर को मोम की तरह काट–छाँट कर गतिमान स्वाभाविकता के साथ जीवन्त मूर्तिशिल्पों की रचना करने वाले यहाँ के कलाकारों ने अपनी अटूट साधना और चेतना शक्ति से कला को सार्थक रूप प्रदान किया है।

**59.** (A) सिटी स्केप पेंटर के नाम से परिचित मदनलाल नागर का लखनऊ शहर का चित्रण जिसमें मुड़ी हुई चादरों के रूप में दीवारों, सीढ़ियों आदि का प्रयोग करके चित्रण को नया आयाम दिया। उस समय के लिए यह जोखिम भरा कार्य था, जब भारतीय कला पद्धति के अनुरूप रूपभेद, प्रमाण, सादृश्य आदि के बाहर जाना सम्भव न था। वैचारिक रूप से सामंतवाद के पतन और एकाकीपन लिए खंडहरों द्वारा परिवर्तित होती परिस्थितियों का सुन्दर चित्रण किया।

**60.** (B) विलियम होगार्थ की तीसरी प्रसिद्ध कृति 'मैरिज एला मोड' है जिसमें एक विवाहित दम्पत्ति के समाज-विरोधी कार्यों का चित्रण है।

**61.** (C) भारत भवन, भोपाल–1982 ई. में स्थापित यह सांस्कृतिक परिसर एक संग्रहालय, पुस्तकालय, नाट्यशाला तथा संगीत केन्द्र को स्वयं में समेटे हुए है, जहाँ वर्षभर विशेष आयोजन, कला, प्रदर्शनियाँ आदि होते रहते हैं। संग्रहालय रूपांकर के नाम से जाना जाता है। इसमें समकालीन कला के साथ जनजातीय कलाएँ एवं मध्य प्रदेश का क्राफ्ट भी संगृहीत है।

**62.** (B) वॉन गॉग को अपने सातों सूरजमुखी चित्रों के लिए अपने जीवनकाल में कोई पैसा नहीं मिल पाया। 1890 में वॉन गॉग की आत्महत्या के बाद सातवाँ और सबसे बड़ा सूरजमुखी का चित्र उनके भाई थिओ की सम्पत्ति बन गया। 40 साल बाद यह चित्र पेरिस की एक कलादीर्घा में था।

**63.** (C) पाश्चात्य विद्वानों ने वास्तु, मूर्ति, चित्रकला, संगीत व काव्य कला ये पाँच ललित कलाएँ मानी हैं। भारत में वास्तु, मूर्तिकला, चित्रकला, संगीत एवं नृत्यकला ये पाँच ललित कलाएँ मानी गयी हैं।

**64.** (C) कलकत्ता शहर बसने के पश्चात् कुछ पटुआ कलाकार कालीघाट में जाकर बस गये। पटना से मुगल शैली तथा मुर्शिदाबाद से कम्पनी शैली के इन कलाकारों के आने से पटुआ कला का रूप परिष्कृत होने लगा। यह शैली कालीघाट शैली के नाम से जानी जाने लगी।

**65.** (B) रज्मनामा (महाभारत) महाभारत हिन्दुओं का विशिष्ट धार्मिक महाकाव्य है। यह संसार की 15 प्रसिद्ध पुस्तकों में से एक है जिसमें जीवन के विविध पहलुओं पर प्रकाश डाला गया है। अकबर ने इस महाकाव्य को फारसी में अनुवाद की आज्ञा दी जो उस समय मुगल दरबार की भाषा थी।

**66.** (B) मेवाड़ शैली में स्त्री–पुरुष की लम्बी नासिका, अण्डाकृति चेहरे तथा मछली जैसे नेत्र बनाये गये हैं। नारी आकृतियाँ यद्यपि कुछ बौनी हैं तथापि सुन्दर बन पड़ी हैं।

**67.** (B) बुद्ध ने बहुत से जन्म लिये थे जिनमें उन्होंने अपने प्राणों का ममत्व त्यागकर बुद्धि, दया और करुणा के कारण सदा दूसरों का उपकार ही किया। उनके इन पूर्व जन्मों की कथाओं को ही जातक कथाएँ कहते हैं। पूर्व जन्म में बुद्ध को बोधिसत्व कहते थे।

**68.** (B) मऊ (सीकर, राजस्थान) में जन्मे कृपाल सिंह शेखावत शांतिनिकेतन से प्रशिक्षित हैं। ब्ल्यू पॉटरी की कला के पुनःउद्धार के लिए उनकी एक खास पहचान है।

**69.** (C) बंगाल में जन्म। जे.जे. स्कूल ऑफ आर्ट मुंबई और पेरिस में कला शिक्षा।

**70.** (C) बाघ गुफाएँ प्राचीन ग्वालियर राज्य में विन्ध्य पर्वत श्रेणी में स्थित थीं, परन्तु अब यह गुफाएँ मध्य प्रदेश के अन्तर्गत आती हैं।

**71.** (C) हिन्दू धर्म से सम्बन्धित गुफाओं में मध्य प्रदेश के विदिशा जिले में स्थित उदयगिरि की गुफाएँ विशेष प्रसिद्ध हैं; उदयगिरि की

दूरी विदिशा से लगभग 3.25 किमी तथा साँची से करीब 9 किमी. है। यहाँ पर शैलकृत गुफा–सदृश 9 कक्ष हैं।

**72.** (B) यामिनी राय जन्मतः ही लोककला की ओर आकर्षित थे। आपकी जन्मस्थली बांकुरा जिला सांस्कृतिक दृष्टि से पश्चिम बंगाल का महत्वपूर्ण भाग रही है, जहाँ विविध धर्मों, आदिवासी संस्कृति तथा स्थानीय लोक विश्वासों व शास्त्रीय मान्यताओं का सम्मिलन दृष्टिगत होता है।

**73.** (A) वोत्तिचेली का सर्वश्रेष्ठ व सबसे प्रसिद्ध चित्र वीनस का जन्म प्रतीकात्मक उद्देश्य से चित्रित हुआ है। आधुनिक समीक्षक इस चित्र को, जिसमें वीनस की आकृति प्राचीन ग्रीक मूर्ति पर आधारित है, नवीन मानवतावादी दृष्टिकोण व पुरातन देवतानिष्ठ कल्पना का कुशलतापूर्ण समन्वय मानते हैं।

**74.** (B) बहुमुखी प्रतिभा के धनी हुसैन हँसकर अपना परिचय देते हैं, ''घोड़े बेचता हूँ, फिल्में बनाता हूँ।'' शिव एस. कपूर के अनुसार, ''हुसैन ने सभी कुछ पेंट किया है–शबीहें, भित्ति चित्र, सैरे, न्यूड, चमकीले छज्जे, बरसों पुराने बनारस के घाट, संगीत स्वरलिपियाँ, चित्र–वल्लरियाँ, सांसारिक पक्षी, थिरकते हाथी, आदिमयुगीन दिखने वाले परिचित घोड़े तथा आदियुगीन पशु जो परिचित होने पर संकेत देते हैं। हुसैन खूब काम करने वाले कलाकार हैं और अनुकूल परिस्थिति में ढेरों चित्र बनाते हैं।''

**75.** (C) वोत्तिचेली की सुप्रसिद्ध कृतियों में 'प्राइमावेरा' तथा 'वीनस का जन्म' (Birth of Venus) हैं। वीनस के जन्म के चित्र की प्रेरणा यूनानी कथानक एफ्रोडिटी के जन्म से मिली।

**76.** (B) 'द मार्निंग बाथ' चित्र एद्गार डेगा ने 1890 ई. में चित्रित किया था।

**77.** (B) वोत्तिचेल्ली ने केसटेलो स्थित किले हेतु अनेक कृति निरूपित की थीं, जिनमें 'प्राइमावेरा' (बसन्त) स्तुत्य है। आरपेन ने इसकी सराहना में यहाँ तक कह दिया कि बसन्त का चित्रण इससे और अधिक अच्छे ढंग से किसी अन्य चित्रकार ने नहीं किया।

**78.** (D) यह चित्र एद्गार डेगा ने 1874 में तैल माध्यम में चित्रित किया था।

**79.** (A) आज दुनिया में अतियथार्थवादी कला के नाम से सबसे अधिक डॉली के चित्रों को ही पहचान जाता है। 1931 में उनकी पेंटिंग 'द परसिस्टेन्स ऑफ मेमोरी' बनी थी। इस चित्र में स्वप्न की जादुई दुनिया है। इस पेंटिंग की पिघलती हुई घड़ियाँ अतियथार्थवादी कला के नाम से सबसे मशहूर उदाहरण बन चुकी हैं।

**80.** (C) राजा रवि वर्मा की चित्रकला–शैली तत्कालीन जनरुचि के अनुरूप थी जिसमें दर्शक की कल्पनाशक्ति को आकर्षित करने की क्षमता थी। उनकी लोकप्रियता का यही कारण था। आपने राष्ट्रीय भावना को भी पौराणिक व धार्मिक पक्ष के द्वारा साकार करने का प्रयास किया। नैतिकता की भावना आपके चित्रों में अन्य तत्वों की अपेक्षा सर्वोपरि थी।

**81.** (D) बूँदी शैली के चित्रों का विकास रागिनी चित्रों से होता हुआ दिखाई पड़ता है, क्योंकि इस शैली के आरम्भिक उदाहरण 'रागमाला चित्रावली' के भाग हैं। आरम्भिक शैली का एक उदाहरण 'राग दीपक' का चित्र है जो भारत कला भवन, काशी में सुरक्षित है।

**82.** (B) रवीन्द्र नाथ टैगोर 1912 ई. में इंग्लैण्ड गये जहाँ उन्हें 1913 ई. में 'गीतांजली' काव्य संग्रह पर नोबेल पुरस्कार प्राप्त हुआ।

**83.** (D) बेन्द्रे ने बिन्दुवादी पद्धति में भी रंगों का प्रयोग किया, किन्तु सोरा द्वारा स्थापित बिन्दुवाद के सिद्धान्तों का अनुसरण करके नहीं। चौड़े तूलिका आघातों में टोन, रंग व टेक्स्चर को प्राप्त करने के लिए बिन्दुओं का प्रयोग किया।

**84.** (B) गोथिक शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग सोलहवीं शताब्दी में इटालियन कलाकार व इतिहासकार ज्योर्जियो वसारी द्वारा किया गया।

**85.** (B) आधुनिक कला के प्रणेताओं में गोया, डेविड तथा टर्नर के साथ ही कान्सटेबल का नाम लिया जाता है। वह प्रायः इंग्लैण्ड में ही रहा। 1829 में वह रायल अकादमी का पूर्ण सदस्य बना लिया गया। ग्रामीण दृश्यों की प्रेरणा से ही उसने दृश्य-चित्रण आरम्भ किया था।

**86.** (C) गोथिक वास्तुकारों ने सैद्धान्तिक दृष्टिकोण से गिरजाघरों को पत्थरों के मूल ढाँचे का बाहर से अलंकृत रूप मान कर दीवारों के क्षेत्र में विशाल काँच चित्र युक्त खिड़कियाँ रखना शुरू किया जिससे भित्ति चित्रण के लिए कोई विशेष भूमि नहीं रही। इसके साथ रंगीन काँचों के चमकीले प्रभाव के आकर्षण से भी भित्ति चित्रण का महत्व घट गया।

**87.** (D) देवी प्रसाद राय चौधरी (1899–1975 ई.) ने कलात्मक सौन्दर्य को एक विशेष मूल्य प्रदान कर फ्रांस के प्रभाववादी मूर्तिकार रोडिन (Rodin) की पद्धति को अपनाया। मूर्तिकला के क्षेत्र में आपने सन्तोषप्रद अभिव्यक्ति तथा अन्वेषण की प्रवृत्ति को स्थापित करने का प्रयास किया।

**88.** (D) बसौली एक छोटा-सा राज्य था और यहाँ बहुत अधिक संख्या में चित्रों का निर्माण भी नहीं हुआ जैसा काँगड़ा में, परन्तु लोक कला की सादगी है, स्फूर्ति है, विलक्षणता है और ये सभी तत्व भाव सम्प्रेषण में पूर्णतया सहायक हैं।

**89.** (D) नालन्दा विश्वविद्यालय को कुमार गुप्त प्रथम तथा उसके अनेक उत्तराधिकारियों ने प्रश्रय एवं महत्व प्रदान किया था। हर्ष ने इसके लिए पर्याप्त धनराशि दी थी। भारत विख्यात शीलभद्र यहाँ का कुलपति था। सौ योग्य आचार्य इस विश्वविद्यालय में अध्यापन कार्य करते थे। यह तीन-सौ फीट ऊँचा बना था।

**90.** (B) कांगड़ा की कला को ऊँचाई तक पहुँचाने में संसारचन्द का योगदान महत्वपूर्ण है। साथ ही साथ इनके समय के चित्रों को बनाने वाले महान कलाकारों को भी नहीं भुलाया जा सकता।

**91.** (B) धातु मूर्तियों में सबसे उत्कृष्ट मूर्ति कांस्य–नर्तकी (4.5") की है, जो मोहनजोदड़ो से प्राप्त हुई है। इस मूर्ति का एक हाथ कटि पर है और दूसरा हाथ नीचे लटक रहा है। यह हाथ कलाई से कन्धे तक चूड़ियों से भरा है, जबकि कटि पर स्थित हाथ में केवल कंगन व केयर है।

**92.** (A) महाराजा सवाई रामसिंह के आदेश से जयपुर के भवनों को गुलाबी आवरण दिया गया और तभी से जयपुर को 'गुलाबी नगर' की संज्ञा दी जाने लगी।

**93.** (C) 'दो स्त्रियों का संवाद', 'मकड़ी और लैंप के बीच' (1958), 'जमीन' (1955), 'दुपट्टों में तीन औरतें' (1958), 'नीली रात' (1959), 'घोड़ा' (1958) आदि कुछ ऐसे चित्र हैं जो हुसैन की कला की केन्द्रीय बनावट को उभारते हैं।

**94.** (C) सही सुमेलन इस प्रकार होगा :

| | | |
|---|---|---|
| भारतीय कला | – | वी.एस.अग्रवाल |
| बागेश्वरी शिल्प प्रबंधावली | – | अवीन्द्रनाथ टैगोर |
| मूविंग फोकस | – | के.जी. सुब्रह्मण्ययम |
| फ्लेम्ड मोजाइक | – | नैविले तुली |

**95.** (B) भारतीय कला का स्वर्ण युग गुप्त काल को कहा जाता है। गुप्त काल में हिन्दू धर्म, जैन धर्म एवं बौद्ध धर्म से सम्बन्धित कलाओं का निर्माण कराया गया। इस समय मुख्यतः वास्तुकला पर जोर दिया गया था। गुप्तकाल में निर्मित मंदिर ही गुप्त काल की भारतीय कला की प्रमुख देन मानी जाती है।

96. (B) प्राचीन पौराणिक ग्रंथों में सामान्यतः पहले चित्रकला एवं वास्तुकला के लिए शिल्पकला का प्रयोग किया जाता था।

97. (A) संसार की सबसे प्राचीन लिपि ब्राह्मी लिपि मानी जाती है। मौर्य सम्राट बौद्ध धर्म के प्रचार के लिए स्तम्भों पर ब्राह्मी लिपि में लेख खुदवाये थे, जिनको पढ़ने में सन् 1837 ई. में 'जेम्स प्रिसेप' ने सफलता प्राप्त की थी।

98. (B) प्रागैतिहासिक काल से ही गेरू रंग का प्रयोग किया जा रहा है, जो भूमि से प्राप्त किया जाता है। अतः इसे भूमिज रंग भी कहते हैं। प्रागैतिहासिक कालीन चित्रों में अधिकांश गेरुए रंग का प्रयोग किया गया है।

99. (C) राजस्थानी कला शैली की एक उपशैली किशनगढ़ शैली मानी जाती है। इस शैली का प्रसिद्ध चित्रकार 'निहाल चन्द' माना जाता है, जिसने 'बनी–ठनी' नामक प्रसिद्ध चित्र की रचना की।

100. (A) 'फड़ चित्रण' कपड़े पर किया जाता है। फड़ चित्रण का अधिकांश निर्माण राजस्थान में होता है।

101. (D) क्षितीन्द्रनाथ मजूमदार' बंगाल शैली के प्रसिद्ध चित्रकार थे, जिन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय में सन् 1942 ई. में कला विभाग की स्थापना की थी। अभिसारिका, पालित मृग, गुरु के द्वार पर लक्ष्मी, आदि इनके प्रसिद्ध चित्र हैं।

102. (B) भारत में बंगाल कला शैली को प्रारम्भ करने का श्रेय अवनीन्द्रनाथ टैगोर को है। इन्होंने कलकत्ता कला महाविद्यालय में शिक्षण कार्य करते हुए इस शैली का प्रचार किया। इस शैली के प्रमुख कलाकारों में नन्दलाल बोस, असित कुमार हलदर, क्षितीन्द्रनाथ मजूमदार आदि प्रसिद्ध हैं।

103. (D) अवनीन्द्रनाथ टैगोर भारतीय चित्रकला के पिता कहे जाते हैं। इन्होंने भारत में बंगाल शैली को प्रारम्भ करके वाश चित्रण पद्धति का आरम्भ किया।

104. (A) के.एस. कुलकर्णी का जन्म 1918 ई. में बेलगाम, कर्नाटक में हुआ था। इनका पूरा नाम कृष्ण शामराव कुलकर्णी है। ये भारत में प्रसिद्ध कलाकार थे, जो 1945-1955 में त्रिवेणी कला संगम तथा दिल्ली शिल्प चक्र के संस्थापक सदस्य रहे तथा बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी में ललित कला संकाय में डीन पद पर रहे।

105. (B) रणवीर सिंह विष्ट का जन्म 1928 ई. में गढ़वाल उत्तर प्रदेश में हुआ था। इन्होंने गवर्नमेण्ट कॉलेज ऑफ आर्ट एण्ड क्राफ्ट्स लखनऊ में कला की शिक्षा प्राप्त की थी, और कुछ समय बाद यहीं पर आप शिक्षक नियुक्त कर दिये गये तथा बाद में आप यहाँ के प्राचार्य भी हुए। आप की ''ब्लू सीरीज'' चित्र शृंखला अति प्रसिद्ध मानी जाती है। आप की गणना अतियथार्थवादी कलाकारों में की जाती है।

106. (C) असित कुमार हल्दर को सन् 1928 ई. में कला एवं शिल्प महाविद्यालय लखनऊ का प्राचार्य बनाया गया था। ये बंगाल शैली के प्रसिद्ध कलाकार माने जाते हैं, जिनके द्वारा बनाये गये अधिकांश चित्र इलाहाबाद संग्रहालय के हल्दर भवन में संगृहीत हैं।

107. (C) ललिता कट्ट भारत की एक प्रसिद्ध मूर्तिकार हैं, जिनका जन्म 1940 में हुआ। ये पत्थर की नक्काशी, धातु कास्टिंग एवं कांस्य मूर्तिकला के लिए प्रसिद्ध हैं।

108. (A) चित्रों का निर्माण जिस धरातल पर किया जाता है, वह द्विआयामी होता है, जिसके कारण कलाकारों द्वारा निर्मित कोई भी चित्र द्विआयामी कहलाता है, जबकि मूर्ति त्रिआयामी होती है।

109. (D) विसेन्ट वॉन गॉग का जन्म फ्रांस में हुआ था। ये उत्तर प्रभाववादी कलाकार माने जाते हैं। इन्होंने अपने कान पर पट्टी बाँधकर अपना स्वयं का शबीह निर्मित किया था।

110. (D) लियोनार्डो–द–विन्सी का जन्म इटली के फ्लोरेन्स के विन्सी नामक ग्राम में 1552 ई. में हुआ था। इन्होंने मोनालिसा, लीडा और हंस, शैलखण्डों की कुमारी, लास्ट सपर आदि प्रसिद्ध चित्रों की रचना की, लेकिन इनका सबसे प्रसिद्ध चित्र 'मोनालिसा' माना जाता है, जो वर्तमान समय में पेरिस के लुब्रा संग्रहालय में संगृहीत है।

111. (B) क्लाउडे 'मोने' फ्रांस के प्रसिद्ध चित्रकार थे, जिन्होंने इम्प्रेशन ऑफ द सनराइज (सूर्योदय का प्रभाव) नामक चित्र का निर्माण करके फ्रांस के प्रथम कलावाद, प्रभाववाद को जन्म दिया था।

112. (C) बाघ गुफा चित्रों पर अजन्ता शैली का प्रभाव है। इस गुफा की खोज 1818 ई. में डेंजराफील्ड ने की। यह गुफा मध्य प्रदेश के धार जिले में स्थित है।

113. (C) लियोग्राफी यह एक समतल धरातल से पानी और तेल के वैमनस्य के सिद्धान्त पर आधारित मुद्रण प्रक्रिया है। लियो ऑफसेट प्रिंटिंग इंडायरेक्ट प्रिंटिंग है। यह ऑफसेट प्रिंटिंग अभी भी दृश्यकला में अभिव्यंजना का माध्यम है, यह तर्क नितांत असत्य है। अभिकथन (A) सही और कारण (R) गलत है।

114. (B) पहाड़ी शैली के चित्रों के विषय में वैष्णव धर्म का मुख्य स्थान है। रीतिकालीन कवियों में सूरदास, तुलसीदास, केशव, मतिराम एवं बिहारी आदि के काव्यों पर आधारित चित्रण इस शैली में बड़ी सुन्दरता के साथ हुआ है। पहाड़ी लघु चित्र गतिगोविंद, बिहारी सतसई तथा भागवत पुराण में वर्णित प्रेम और धर्म के प्रकरणों पर आधारित है, क्योंकि पहाड़ी समाज तथा संरक्षक दोनों धार्मिक प्रवृत्ति के थे। अतः अभिकथन (A) तथा (R) दोनों सही हैं।

115. (B) वाश पेंटिंग में रंग सदैव कोमल और सूक्ष्म होते हैं, क्योंकि पानी के द्वारा धुलने से अतिरिक्त ठोस रंग निकल जाते हैं तथा केवल रंगों की पारदर्शी आभा सतह पर बच जाती है। अतः अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं।

116. (D) दिये गये चित्रों का कालक्रमानुसार सही क्रम इस प्रकार होगा–प्रस्तर चित्र, बोधिसत्व, सगमाला, संयोजन–II।

117. (C) 3डी एनिमेशन के चरणों का सही क्रम इस प्रकार होगा–मॉडलिंग, टेक्सचर, रिगिंग, रेंडरिंग।

118. (D) शिवा विवाह के कई दृश्य बादामी गुफा में चित्रित हैं।

119. (C) अजन्ता गुफाएँ महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले में स्थित सतपुड़ा पहाड़ियों को काटकर बनाई गई हैं। यहाँ पर कुल 30 गुफाएँ हैं जो लगभग 850 वर्षों में बनकर तैयार हुईं। इन गुफाओं की खोज 1819 में सर जॉन स्मिथ ने की थी। इन गुफाओं में कुल 547 जातक कथाओं का अंकन है। इस अभिकथन में A सही है तथा R गलत है

120. (A) काँगड़ा की लघु चित्रकला अत्यधिक निश्छल तथा प्रशान्त होने के कारण प्रसिद्ध है, क्योंकि यह भारतीय काव्यात्मक रूपकों तथा मुगल लघुचित्रों की सुव्यक्तता पर आधारित है। काँगड़ा के कलाप्रेमी शाधक संसारचन्द के समय में केशवराज लिखित कविप्रिया, रसिकप्रिया एवं नलदमयंती की प्रणय कथा चित्रित हुई, जयदेव लिखित

गीतगोविन्द, बिहारीसतसई और भागवत पुराण में भी कृष्णजीवन बहुविध नयनाभिराम ढंग से चित्रित की गई है। खुशाला, मानकू, कुनशलाल, कत्तू, बसियाँ परखू इत्यादि काँगड़ा शैली के उच्चकोटि के चित्रकार थे। अभिकथन के अनुसार विकल्प (A) और (R) दोनों सही हैं।

**121.** (C) कालक्रमानुसार सही अनुक्रम इस प्रकार होगा :

गुस्ताव कूर्बे – 10 जून, 1819-31 दिसंबर, 1877

सेजां – 19 जनवरी, 1839-22 अक्टूबर, 1906

कर्डिश दुशां – 13 जनवरी 1888-1958

जैक्शन पोलक – 28 जनवरी, 1912-11 अगस्त, 1996

**122.** (A) उत्तर से दक्षिण की ओर सही भौगोलिक क्रम इस प्रकार होगा—मार्तण्ड सूर्य मंदिर, स्वर्ण मंदिर, कुतुबमीनार, मीनाक्षी मंदिर।

**123.** (D) इंद्रधनुष के रंगों का सही क्रम इस प्रकार होगा—बैंगनी, आसमानी, नीला, हरा।

**124.** (C) विष्णु के अवतारों की दशावतार की संकल्पना का सही अनुक्रम इस प्रकार होगा—मस्त्य, कूर्म, वराह, नृसिंह, वामन, परशुराम, राम, कृष्ण, बुद्ध, कल्कि। पहले तीन अवतार यानि मस्त्य, कूर्म और वराह पहले युग (सत या कृत युग) में अवतरित हुए। नृसिंह, वामन, परशुराम और राम दूसरे युग (त्रेता युग) में अवतरित हुए। कृष्ण तीसरे युग (द्वापर युग) में अवतरित हुए। वर्तमान में कलियुग चल रहा है और भागवत पुराण के अनुसार इस युग के अंत में कल्कि अवतार का इस धरा पर अवतरण होगा।

**125.** (A) वर्ष 2009 में प्रदर्शित 'अवतार' फिल्म के निर्देशक जेम्स कैमरून हैं।

●●